Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -98 मंगलवार,07 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

चेहरा न देखो,
योग्यता देखो।
चेहरे और योग्यता में
छह-नौ का अंतर होता है।
-बट्रेन्ड रसेल-

# अडाणी समूह के मुद्दे पर विपक्ष का लोकसभा में हंगामा

### कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली,06 फरवरी 2023(ए)।** अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा में लगातार तीसरे दिन कामकाज नहीं हो सका और एक बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन में आज भी कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह पर 'हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और शेयर बाजार में उससे जुड़े घटनाक्रम के मुद्दे पर जांच के लिए जेपीसी गठित करने तथा इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया और सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे सदन की बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इसी दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के समीप आ गये। सभापति ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी विपक्षी सदस्यों से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होने देने की अपील करते हुए कहा कि सदस्य (अडाणी मुद्दे पर) जो बोलना चाहें, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में बोल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'संसद की परंपरा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सबसे पहले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। सदस्य चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकते हैं। इस विषय पर वित्त मंत्री को जो कहना था, सार्वजनिक रूप से कह चुकी हैं।' जोशी ने कहा कि संसद का समय बहुमूल्य है, इसलिए सदस्यों को अपने स्थान पर जाकर चर्चा शुरू करानी चाहिए और सरकार उत्तर देने को तैयार है। हालांकि हंगामा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति सोलंकी ने कुछ ही मिनट बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले आज सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर भी विपक्षी सदस्यों ने शोर-शराबा किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने श्रम मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न के लिए कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर का नाम पुकारा, हालांकि विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी जारी रही। बिरला ने कहा, 'आज मजदूरों से जुड़ा प्रश्न है...यह सदन की दिशा तय करता है।




आपको किसी विषय पर चर्चा करनी है तो बातचीत करें। आप बिना बातचीत के, केवल नियोजित तरीके से सदन को स्थगित कराएं, यह उचित नहीं है। आप मेरे कक्ष में आएं, बातचीत करें, किसी भी विषय पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय दूंगा। बिरला ने कहा, 'नारेबाजी करना जनता के हित में नहीं है। जनता ने आपको चुनकर भेजा है। मजदूरों से जुड़ा सवाल उठाने दीजिए। आपने (कांग्रेस) लंबे समय तक राज किया है। आप इतनी पुरानी पार्टी हैं, यह व्यवहार उचित नहीं है। हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा अध्यक्ष ने करीब 11 बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसी विषय पर गत सप्ताह भी विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई थी।

### संसद में चर्चा हो ताकि पता चले कि अडाणी के पीछे कौन सी शक्ति है: राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर सोमवार को अडाणी समूह से जुड़े मामले पर संसद में चर्चा को लेकर 'भयभीत होने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके तथा पूरे देश को यह पता चल सके कि उद्योगपति गौतम अडाणी के पीछे कौन सी शक्ति है। इस मामले में लाखों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार होने का दावा करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा प्रयास करेंगे कि इस मामले पर संसद में चर्चा नहीं हो। राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कटाक्ष करते हुए कहा, ''काफी वर्षो से मैं सरकार के बारे में कह रहा हूं कि यह 'हम दो, हमारे दो की सरकार है। सरकार इस मसले पर चर्चा नहीं होने देना चाहती, सरकार डरी हुई है कि कहीं संसद में अडाणी जी के बारे में चर्चा न हो जाए। मगर सरकार को चर्चा होने देना चाहिए। उन्होंने दावा किया, 'मोदी जी पूरी कोशिश करेंगे कि संसद में अडाणी जी पर चर्चा नहीं हो। इसका कारण आप जानते हैं? पूरी कोशिश होगी कि चर्चा नहीं हो। कांग्रेस नेता ने कहा, 'मैं पिछले दो तीन साल से यह मुद्दा उठा रहा हूं। मैं चाहता हूं कि चर्चा हो और दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। लाखों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है, और हिंदुस्तान के बुनियादी ढांचे पर कब्जा किया गया है। अडाणी जी के पीछे कौन सी शक्ति है वो भी देश को पता लगना चाहिए।

अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद समूह के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। वहीं, अडाणी समूह ने कहा है कि वह सभी कानूनों और सूचना प्रकट करने संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता बनर्जी को सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी ने डी. लिट से सम्मानित किया



**कोलकाता ,06 फरवरी 2023 (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सोमवार को कोलकाता के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी लिट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री को मानद डी. लिट डिग्री प्रदान करने वाला यह पश्चिम बंगाल का दूसरा विश्वविद्यालय है।

### बीजेपी के तीन और नेताओं को मिली वाई+सुरक्षा



**नयी दिल्ली,06 फरवरी 2023 (ए)।** गृह मंत्रालय ने भाजपा के 3 और नेताओं को वीआईपी सुरक्षा देने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि नेताओं को वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा के साथ सीआईएसएफ के कंमाडों भी साथ रहेंगे। केंद्र सरकार ने नलिन कोहली, ऋतुराज सिन्हा और अभय गिरी को सुरक्षा प्रदान की है। इन तीनों नेताओं के साथ अब भारी सुरक्षाबलों का काफिला रहेगा। जानकारी के अनुसार नगालैंड चुनाव के चलते ये फैसला लिया गया है। नलिन कोहली भाजपा नगालैंड की स्टेट इंचार्ज है।

# नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर पहली बार कराई तेजस की सफल लैंडिंग

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि

**नयी दिल्ली ,06 फरवरी 2023 (ए)।** हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में बड़ी सामरिक-रणनीतिक भूमिका का आधार तैयार कर रही भारतीय नौसेना ने सोमवार को स्वदेश निर्मित लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए-नेवी) को विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सफलतापूर्वक उतार कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। विमान वाहक पोत पर स्वदेशी एलसीए की सफल लैंडिंग नौसेना की सामरिक क्षमता के लिहाज से मील का पत्थर से कम नहीं है।



भारतीय नौसेना आधुनिकीकरण के साथ ही समुद्र में अपनी मारक क्षमता बढ़ाने के लिए हथियारों और मिसाइलों के अलावा अपने एयर विंग को भी मजबूत करने में जुटी है। आईएनएस विक्रांत पर एलएसी की सफल लैंडिंग इस लिहाज से अहम है कि नौसेना को इन हल्के लड़ाकू विमानों को हासिल करने के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं रहना होगा और हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड वायुसेना के साथ ही नौसेना के लिए इनका निर्माण कर रहा है।

नौसेना ने एलसीए की सफल लैंडिंग पर एक संक्षिप्त बयान जारी करते हुए कहा कि नौसेना के पायलटों के पायलटों द्वारा आईएनएस विक्रांत पर एलसीए की लैंडिंग करने के बाद भारतीय नौसेना ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। नौसेना के अनुसार इस सफल लैंडिंग ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों के साथ स्वदेशी विमानवाहक पोत को डिजाइन, विकसित, निर्माण और संचालित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित किया है।

# सपा को एमएलसी चुनाव में झटका

**लखनऊ ,06 फरवरी 2023 ( ए )।** उत्तर प्रदेश में एमएलसी के लिए पांच सीटों पर हुए चुनाव में चार सीटें भाजपा ने जीत ली और एक सीट पर भाजपा के बागी प्रत्याशी को जीत मिली है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को कई सीटों पर तीसरे या चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा है। जाहिर है यह समावादी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। दरअसल एमएलसी के लिए चुनाव उस समय हुए है जब समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने तुलसीदास रचित रामचरित मानस को लेकर अंत्यंत विवादास्पद टिप्पणी की थी।

उनकी इस टिप्पणी के बाद न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में बवाल उट खड़ा हुआ किन्तु सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कोई अनुसंस्त्मक कार्यवाही करने की जगह पार्टी में उनका कद बढ़ा दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बना दिया गया। यही नहीं बल्कि उन्हें जातिय जनगणा अभियान समिति का प्रमुख भी




बना गया दिया। अखिलेश यादव के इस फैसले का ना सिर्फ विपक्षी पार्टी ने विरोध किया बल्कि समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भी स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरित मानस पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। इसके बावजूद अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य को प्रोत्साहित किया।

इससे स्पष्ट है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान का अपरोक्ष रूप से अखिलेश यादव ने समर्थन किया। दरअसल अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य को आगे करके एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। उत्तर प्रदेश में मौर्य समाज के वोट भी यादव वोट बैंक के बाद दूसरे नंबर पर है इसलिए अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करके और उन्हें पार्टी में पदोन्नत करके मौर्य वोट बैंक पर अपना कब्जा करना चाहते है। तुलसीदास जी की जिस चौपाई को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने एतराज जताया है उसका भी अखिलेश यादव ने एक तरह से समर्थन ही किया है और यह बयान दिया है कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूछेंगे कि क्या वे भी शुद्र है। जाहिर है इस विवाद को तुल देकर अखिलेश यादव मायावती के वोट बैंक में भी सेंध लगाने की कवायद कर रहे है और हिन्दू धर्म ग्रंथ को विवाद का मुद्दा बनाकर अल्प संख्यक वोटों को भी अपने पाले में करने का जतन कर रहे हैं।

लेकिन उनकी ये तमाम कोशिशें निरर्थक साबित हुईं। उनका दांव उन पर ही उलटा पड़ा और एमएलसी के चुनाव में पांचों सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की करारी हार हुई। यदि अभी भी अखिलेश यादव सबक नहीं लेते है तो आगामी लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी को इसका खामियाजा भूगतना पड़े तो कोई ताजूब्ब नहीं होगा। यही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी को असफलता का सामना करना पड़ सकता है।

# भारत ने चीन को फिर दिया झटका

### एक साथ ब्लॉक किए 232 मोबाइल ऐप्स

**नयी दिल्ली,06 फरवरी 2023 (ए)।** भारत सरकार ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए 232 मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है। गौरतलब है ये सभी ऐप्स सट्टेबाजी, जुआ और अनाधिकृत ऋण सेवा में शामिल थी जिन्हें चीनी सहित विदेशी संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा था।




भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालयने गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद इन ऐप्स को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए हैं। सट्टेबाजी, जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गलत कामों में शामिल 138 ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश तो 4 फरवरी की शाम को ही जारी हो गया था। लेकिन इसके साथ ही अनधिकृत ऋण सेवा में लगी 94 ऐप्स को भी अब ब्लॉक करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

### क्यों बंद की गई ऐप्स

इन सभी ऐप्स को चीन के साथ कई अन्य विदेशी संस्थाएं भी चला रही थी। सरकार के अनुसार इन ऐप्स को इसलिए बंद किया गया है क्योंकि ये देश की आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रही थी। हालांकि सरकार ने कौन सी 232 ऐप्स को ब्लॉक किया है अभी उसकी जानकारी नहीं मिली है।

### सरकार ऐप्स ब्लॉक कर चीन को दे रही है पटखनी

भारत सरकार चीन जैसे देशों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लगातार उसे हर मोर्चे पर कमजोर कर रही है।

# आईटीआई पास युवा रोजगार के लायक नहीं

**नयी दिल्ली,06 फरवरी 2023(ए)।** आईटीआई पास करने वाले युवाओं को लेकर नीति आयोग ने बड़ा खुलासा किया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानक के अनुसार नहीं हैं। आईटीआई भारत में व्यावसायिक प्रशिक्षण की रीढ़ हैं। हर साल लाखों छात्र आईटीआई में दाखिला लेते हैं, लेकिन फिर भी यह अपने उद्देश्यों को पूरा करने में विफल है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, फैकल्टी और बुनियादी ढांचा वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है।

ट्रांसफॉर्मिंग इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स शीर्षक से जारी रिपोर्ट में नीति आयोग ने कहा है कि आईटीआई पास करने वाले युवा न तो रोजगार योग्य हैं और न ही अपना उद्यम शुरू करने के लिए पर्याप्त कुशल हैं। कई बार आईटीआई का पुनरुद्धार करने का प्रयास किया गया। जिसमें उत्कृष्टता केंद्र बनाना, फंडिंग, आईटीआई की ग्रेडिंग और आईएमसी को अनिवार्य बनाना इत्यादि शामिल है लेकिन इसके बावजूद आईटीआई का पूरा सिस्टम




सिर्फ मुश्किलों का सामना कर रहा है। देशभर में आईटीआई में 25 लाख सीटें हैं, लेकिन मात्र 10.5 लाख सीटें ही भर रही हैं। प्लेसमेंट की दर और भी निराशाजनक है। आईटीआई की गुणवत्ता और सामाजिक स्वीकार्यता कम है। देश के आईटीआई पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जीवित करने के लिए नीति आयोग के स्किल डेवलपमेंट एंड एंप्लॉयमेंट वर्टिकल द्वारा अध्ययन किया गया है। इसमें कई सुझाव भी दिए गए हैं।

देशभर में मौजूद आईटीआई में 78.40 फीसदी निजी लोगों द्वारा चलाए जाते हैं। बचे हुए 21.59 फीसदी सरकारी संस्थान हैं। सरकारी संस्थानों में निजी की तुलना में ज्यादा छात्र नामांकित हैं। जबकि 62 फीसदी सीटें निजी संस्थानों में ही हैं। देश में अभी कुल 14789 आईटीआई हैं। इनमें 66 फीसदी संस्थान उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र, इन पांच राज्यों में ही हैं। इनमें 64.81 फीसदी सीटें इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की खाली हैं। 71.57 फीसदी सीटें फीटर ट्रेड में खाली हैं।

# कांग्रेस ने नागालैंड विस चुनाव के लिए तीसरी सूची की जारी,27 को होगा मतदान

**नयी दिल्ली,06 फरवरी 2023 ( ए )।** कांग्रेस ने सोमवार को आगामी नागालैंड विधानसभा चुनावों के लिए दो उम्मीदवारों के साथ अपनी तीसरी सूची जारी की। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी के केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने तीसरी सूची के लिए दो उम्मीदवारों का चयन किया है। पार्टी ने जिन दो उम्मीदवारों का चयन किया, उनमें इम्बुर विधानसभा सीट से बेंदांगकोकबा और तहोक सीट से शाबोह कोन्याक चुनाव लड़ेंगे। इनके साथ ही अभी तक 27 उम्मीदवारों की घोषणा की जा चुकी है।




पूर्वोत्तर राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 27 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना दो मार्च को होगी।



### कर्णप्रयाग में भी जोशीमठ जैसे हालात,25 घरों में आई दरारें,8 घरों को किया असुरक्षित घोषित

**चमोली ,06 फरवरी 2023(ए)।** जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव के बाद सरकार इलाके में आपदा से निपटने की तैयारी में लगी हुई है। तो वहीं कर्णप्रयाग में भी अब जोशीमठ जैसे हालत बनते हुए दिख रहे हैं। कर्णप्रयाग में भी जिन घरों में दरारें आई है वो ओर ज्यादा चौड़ी हो गई है। यहां भी करीब 25 घरों में बड़ी दरारें आ चुकी हैं। जिसमें से आठ घर रहने लायक नहीं बचे हैं। प्रशासन ने इन आठ इमारतों को असुरक्षित घोषित कर दिया। वहीं, प्रभावित परिवारों ने भवन खाली कर दिए, उन्हें कर्णप्रयाग नगर पालिका के रैन बसेरों में स्थानांतरित कर दिया गया। तहसीलदार सुरेंद्र देव का यह भी कहना है कि मकान खाली करने के बाद सभी प्रभावित परिवारों को नगर पालिका के रैन बसेरों और आईटीआई कॉलेज की कक्षाओं में स्थानांतरित कर दिया गया है। इनमें से आठ परिवारों को जनवरी में शिफ्ट किया गया था। कर्णप्रयाग के बहुगुणानगर में घरों में दरारें आने से 38 परिवार प्रभावित हुए हैं।

इसके साथ ही प्रशासन और एक्सपर्ट की संयुक्त टीम ने भी बदरीनाथ हाईवे के पास स्थित आईटीआई क्षेत्र के बहुगुणा नगर और सब्जी मंडी ऊपरी हिस्से में भू-धंसाव से क्षतिग्रस्त हुए भवनों का निरीक्षण किया, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

# 4 साल की मासूम से रेप,मन नहीं भरा तो मुंह में डॉयपर ठूंसकर मार डाला

**गाजियाबाद,06 फरवरी 2023 (ए)।** गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र से साढ़े चार साल की बच्ची का अपहरण कर सिटी फोरेस्ट में ले जाकर रेप के बाद हत्या करने के दोषी सोनू गुप्ता (20) को पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को फांसी की सजा सुनाई।

उसे 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। सोनू बच्ची को 1 दिसंबर 2022 को उसके घर के बाहर से तब उठा ले गया था, जब वह पूजा के लिए फूल तोड़कर लाई थी और जय मां, जय मां गाते हुए खेल रही थी।

कोर्ट ने 66 दिन में आरोपी को सुनाई मौत की सजा

विशेष न्यायाधीश अमित प्रजापति ने इस दरिंदगी को विरल से विरलतम श्रेणी का अपराध मानते हुए दोषी सोनू को मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाए जाने का आदेश दिया। 33 पेज के आदेश में अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मृत्युदंड की पुष्टि होने के बाद फांसी दी जाए। इस मामले में 66 दिन में इंसाफ हो गया। दरिंदे के खिलाफ पुलिस ने 28 गवाहों के बयान रिकॉर्ड किए। 32 दिन में आरोपी का डीएनए परीक्षण कराया और सीसीटीवी फुटेज व 68 पेज की केस डायरी को सबूत के आधार पर कोर्ट में जमा कराया था। इस दरिंदगी को विरल से विरलतम श्रेणी का अपराध मानते हुए विशेष न्यायधीश अमित प्रजापति ने टिप्पणी की, कहा कि भारत जैसे देश में हिंदू धर्म में बालिका को देवी के रूप में माना जाता है और उसकी पूजा की जाती है। अभियुक्त सोनू गुप्ता हिंदू धर्म से ही संबंध रखता है। उसने अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी।

यह अपराध निर्मम तरीके से किया गया। उसके मुंह में डायपर ठूंसकर



गला घोंटकर जान ली गई। इस दौरान बालिका ने जो महसूस किया होगा, उसकी कल्पना मात्र से रूह कांप उठती है।

उन्होंने कहा, अभियुक्त के मन में बालिका के प्रति दयाभाव उत्पन्न न होना उसकी घोर अपराधिक मनोवृत्ति को दर्शाता है। उसने लगभग साढ़े चार साल की कोमल बालिका के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसा घृणित अपराध किया है। इसके बाद बड़ी ही चतुराई से अपराध के साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास किया। अगर पुलिस तत्परता, सजगता और सावधानी नहीं बरतती तो उसका पकड़ा जाना मुश्किल था।

### कोर्ट की टिप्पणी के प्रमुख अंश

1. अभियुक्त ने बालिका के साथ क्रूरता और बर्रबता की और क्रूरतम तरीका अपनाकर हत्या की। यह विरल से विरलतम श्रेणी का अपराध है।
2. अभियुक्त के अपराध के तरीके और प्रकृति को देखकर उसके प्रति किसी प्रकार की दया उत्पन्न होना स्वभाविक नहीं लगता है।
3. इस मामले में अभियुक्त को अधिकतम दंड से दंडित किए जाने पर ही पीड़िता, उसके परिवार एवं समाज के प्रति न्याय संभव होगा।
4. अभियुक्त को अधिकतम दंड से दंडित किए जाने जाने से ही समाज में न्याय प्रणाली के प्रति सद्भाव व विश्वास उत्पन्न हो सकेगा।

समाज की जागरूकता पर आघात न हो

अभियोजन की ओर से कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नजीर के रूप में रखा गया। यह मामला मध्य प्रदेश राज्य बनाम बाबूलाल का था। इसमें 12 अगस्त 2013 को फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, सजा दिए जाने की विधि के प्रमुख लक्ष्यों में से एक यह है कि अभियुक्त को उपयुक्त, उचित एवं समानुपाती दंड से दंडित किया जाए। प्रदत्त दंड इतना उदार भी नहीं होना चाहिए कि समाज की जागरूकता को आघात प्रदान करे और दंड प्रणाली के प्रति घृणा उत्पन्न करे।



## विवि में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -

अंबिकापुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति में गड़बड़ी के आरोप के मामले में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अवगत कराया है कि विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इन भर्तियों के लिए न तो कोई विज्ञापन निकाला गया है और ना ही किसी चयन प्रक्रिया के तहत यह भर्तियां हुई है। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में अयोग्य लोग कार्य में नियोजित किए जा चुके हैं। इस विश्वविद्यालय में सेटअप के अनुसार 123 पद हैं, इनके विरुद्ध अब तक 98 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति समय-समय पर नेताओं के इशारे पर की जा चुकी है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंप कर इस मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इस मामले की जांच के बाद कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन विश्वविद्यालय का घेराव करेगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं में ज्योति चौरसिया, सर्वेश्वरी बागे, सुनिता सोन्हा, पूजा चौहान अंजलि एक्का उपस्थित रहीं।

## 3 किलो गांजे के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य गिरफ्तार

- संवाददाता -

अंबिकापुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

3 किलो गांजे के साथ गांधीनगर पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 45 हजार रुपए बताई जा राही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षकराम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में नशीले पदार्थों के खरीद फरोख्त पर सख्त प्रतिबंध लगाने एवं नशे के तस्करों पर लगातार कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं, इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक सरगुजा स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे एवं विशेष पुलिस टीम का गठन कर क्षेत्र में संदिग्धो की धरपकड़ हेतु मुखबीर तैनात किये गए थे। सोमवार को पुलिस टीम को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति चठीरमा बैरियर के पास अवैध मादक पदार्थ रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा हैं, नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा संदेही की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ा गया जो पूछताछ पर अपना नाम अभिषेक कुमार कुशवाहा साकिन गढ़वा झारखण्ड का होना बताया, कब्जे मे रखे लाल पीला रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर बैग मे अवैध मादक पदार्थ गांजा 2.900 किलोग्राम किमती लगभग 45000 बरामद हुआ, अवैध मादक पदार्थ गांजा के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश करना बताया, आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाए जाने से सदर धारा 20 ख एनडीपीएसका अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे,उप निरी विजय दुबे, सहायक उप निरीक्षक नवल कुशोर दुबे, अभिषेक पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, मनीष सिंह, आरक्षक सीनू फ़िरदौशी, शाहबाज खान, अतुल सिंह, मंटू गुप्ता, उमा शंकर शाहू, अजय तिवारी, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।

## 197 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शहर के मुक्तिपारा कब्रिस्तान के पास से 197 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए



बताई जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

आईजी राम गोपाल गर्ग व एसपी भावना गुप्ता द्वारा जिले के सभी पुलिस थाना थाना व चौकी प्रभारियों को नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में थाना गांधीनगर प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र नाथ दुबे को सोमवार को मुखबिर से जानकारी मिली की 3 संदिग्ध व्यक्ति क्षेत्र के मुक्तिपारा कब्रिस्तान के पास नशीले पदार्थ बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर संदिग्धों को हिरासत लिया। तलाशील लेने पर आरोपी रंजीत सिंह निवासी सरगवा के कब्जे से 80 नग, अयोध्या प्रसाद सोनी निवासी सुभाषनगर के कब्जे से 60 व तफसीर आलम निवासी मोमिनपुरा के कब्जे से 57 नग कुल 197 नग नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए बातई जा रही है। नशीले इंजेक्शन खरीद बिक्री के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 22 सी एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे,उप निरी विजय दुबे, सहायक उप निरीक्षक नवल कुशोर दुबे, अभिषेक पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, मनीष सिंह, आरक्षक सीनू फ़िरदौशी, शाहबाज खान, अतुल सिंह, मंटू गुप्ता, उमा शंकर शाहू, अजय तिवारी, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।

## 7 साल बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल सका वन अधिकार पट्टा

- संवाददाता -

अंबिकापुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आज़ाद सेवा संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि 15 दिसंबर 22 को उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बकोई ग्रामवासी के द्वारा वन अधिकार पट्टा का लाभ के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था,पर लगभग आज 1 महीने से ज्यादा भी हो चुके हैं,पर आज तक इस मामले में कोई भी कार्यवाही ही नहीं किया गया और इस आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के उपस्थिति में संघ के कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि शासन वन भूमि गूगल मैप मशीन द्वारा वन विभाग ने जमीन का नापा किया गया था, ग्राम वासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम



पंचायत में तीन पीढ़ी से सरपंच सचिव और वनरक्षक दोनों मिलकर सूची जमा किया गया तथा पर उनके फार्म को कार्यालय में जमा नहीं किया गया जिसके कारण आज तक 7 साल हो गया हम सभी ग्राम वासियों 7 साल आज तक तहसील के कार्यालय में चक्कर लगाते रहे हैं और पूर्व में भी ग्राम वासियों के द्वारा कार्यालय में आवेदन कई बार दिया है पर सचिव और वनरक्षक सूची के द्वारा भोले भाले ग्राम वासियों को बार-बार गुमराह किया जाता है और कहा जाता है कि सूची जमा नहीं हुआ है ग्राम वासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब घर से हम लोग जाते हैं हम लोग के पास बनाने का समय नहीं है बनवाने का पैसा मांगते हैं। संघ प्रदेश सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि ग्रामीण और संघ की ओर से इस संबंध में आखरी ज्ञापन सौंपा जा रहा है, 15 दिन के अंतराल में इस विषय पर कोई भी उजित कार्यवाही नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों एवं संघ के द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित रहे संघ के जिलाध्यक्ष आनंद पटेल ग्रामीण महासचिव संजय बड़ा रवि गुप्ता अभिनव चतुर्वेदी राजगुरु विवेक टेकाम राजपाल मोहन कुमार विष्णु कुमार अलग राजापुर दीपक बालेश्वर मोहास आए सोहर राजेश प्रेमा शंकर लाकड़ा हरि आदि भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## साक्षी भगत एवं राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह का अंबिकापुर में हुआ भव्य स्वागत

अंबिकापुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। यह पहला मौका है जब छत्तीसगढ़ टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया है। इंदौर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में फाइनल मुकाबले में पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 73-56 से हराया जिसके बाद छत्तीसगढ़ को सिल्वर से ही संतोष करना पड़ा। जिसमें सरगुजा जिला की खिलाड़ी साक्षी भगत एवं राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह शामिल थे। साक्षी भगत एवं कोच राजेश प्रताप सिंह के अंबिकापुर पहुंचने पर अधिवक्ता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी एवं सरगुजा एनएसयूआइ खेल विभाग के चैयरमैन रजत सिंह के नेतृत्व में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पर दोनों का भव्य स्वागत किया गया। जिसमें सरगुजा बास्केटबॉल संघ के सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।



## छठी कार्यक्रम में आए रिश्तेदारों के साथ पड़ोसियों ने की मारपीट

अंबिकापुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली क्षेत्र के रनपुर में आधा दर्जन लोगों के पड़ोसी के घर में घुसकर जमकर मारपीट किया है। लाठी डंडे व बल्ले से किए गए मारपीट में तीन लोग घायल हो गए हैं। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार रनपुर में एक परिवार के घर छठी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में कई मेहमान आए थे। रविवार की कार्यक्रम में डीजे बज रहा था और लोग नाच गा रहे थे। देर रात होने के कारण परिजन ने डीजे बंद करा दिया और पड़ोसियों को अपने-अपने घर जाने को कहा। इस बात से नाराज पड़ोसी सुमित, अमित, शनि, रोशन, शाहीद, सत्येंद्र सहित अन्य लोगों ने लाठी डंडे व बैट लेकर पहुंचे और मेहमानों के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में सुनील चौधरी, आशिष व तिरिथ को गंभीर चोट आई है। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नागा साधुओं के सानिध्य में पंचकुडीय शिवशक्ति यज्ञ 10 से

अम्बिकापुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मां महामाया की नगरी स्थित स्थानीय शंकरघाट में यज्ञ सेवा समीति के तत्वाधान में पंचकुण्डीय शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। जूना अखाड़ा काशी से पधारे महंत श्यामपुरी नागा बाबा महाराज, घाट आश्रम दत्तात्रेय मंदिर हरदा मध्यप्रदेश एवं महंत प्रकाशानंद गिरी महाराज, बडा बांसा हनुमान मंदिर दमोह मध्यप्रदेश के साथ विभिन्न अखाड़ों से पधारे नागा बाबा एवं विभिन्न साधु संतों द्वारा विश्वकल्याणार्थ एवं लोक मंगल की कामना हेतु 10 से 19 फरवरी तक पंचकुण्डीय शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी समीति द्वारा जोरशोर से चल रही है। समीति द्वारा नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को प्रचार-प्रसार के माध्यम से महायज्ञ में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया गया है।

## विभागीय लापरवाही के कारण नहीं हो पा रहा पट्टा वितरण

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष आदित्येश्वरशरण सिंह देव के विशेष पहल पर बधियांचुआ और खैरबार के ग्रामीणों को पट्टा वितरित करने हेतु शिविर आयोजित किया गया। इस बैठक में वन विभाग, एसी ट्रायवल विभाग, जनपद विभाग और राजस्व विभाग के सभी प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में मौजूद जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कहा कि लगातार बधियांचुआ से शिकायत आ रही थी, कि यहां वन अधिकार का पट्टा नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर सभी विभागों के अधिकारीयों को इस शिविर में बुलाया गया था और ये जानने का प्रयास किया जा रहा था कि इनको पट्टा नहीं मिलने में क्या दिक्कत आ रही है। पट्टा नहीं मिलनें के कारणों पर जब बातचीत शुरू की गई तो ये पता चला कि सभी पात्र हितग्राहीयों के वन अधिकार के पट्टे स्वीकृत तो हो गए हैं, लेकिन उनका वितरण नहीं हो पा रहा है क्योंकि विभागीय प्रक्रिया के दौरान हितग्राहियों से संबंधित



दस्तावेज कार्यालयों में गुम हो गये हैं। जिस कारण से स्वीकृति पट्टों का वितरण नहीं हो पा रहा है। इस बात की जानकारी होने पर आदित्येश्वर शरण सिंह ने लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सुझाव दिया कि जो दस्तावेज नहीं मिल रहें हैं उसे जल्द खोजा जाए और यदि वे दस्तावेज नहीं मिलते हैं तो एक विषेष ग्राम सभा का आयोजन कर पुरानें दस्तावेज के आधार पर पट्टा बना वितरण किया जाए। वहीं जब दस्तावेज देखा गया तो दस्तावेज में ग्रामीणों को पट्टा दिये जाने की स्वीकृति मिल चुकी है लेकिन पट्टे से संबंधित कई दस्तावेजों के कार्यालयीन प्रक्रिया में गुम हो जाने के कारण ग्रामीणों को पट्टा वितरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने हितग्राहियों को आश्वस्त किया है कि यदि कागजात नहीं मिलतें हैं तो मंगलवार को जिला पंचायत की बैठक में चर्चा कर जल्द से जल्द पट्टा दिलाये जानें की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। वहीं इस दौरान कई लाभार्थियों को पट्टे का वितरण किया गया। पट्टा प्राप्त करनें वाले हितग्राहियों ने आदित्येश्वर शरण सिंह देव और राकेश गुप्ता को धन्यवाद प्रेषित किया। इस दौरान मो इस्लाम, बंटी शर्मा, गुरुप्रीत सिधू और काफी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## बुज़ुर्ग पति-पत्नी को जर्जर घर से मिली राहत



- सोनू कश्यप-

प्रतापपुर,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कई सालों से टूटे फूटे मकान में रह रहे कोडाकू जनजाति के बुजुर्ग पति-पत्नी को राहत मिल गई है, जनसहयोग से उनके घर की मरम्मत हो गई है। बात प्रतापपुर के दरहोरा की है जहां उनका घर हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया था।समाजसेवी की पहल पर मरम्मत कराने में जनपद सीईओ,पंचायत सचिव,स्थानीय निवासी तूफान सिंह का प्रमुख सहयोग रहा।

गौरतलब है कि हिरासाय कोडाकू अपनी पत्नी नन्ही के साथ दरहोरा के कोडाकू पारा में एक छोटे से घर में रहता था जिसका आधा हिस्सा करीब चार साल पहले क्षतिग्रस्त हो गया था।दो तरफ से दीवाल टूटी थी,छप्पर का आधा हिस्सा टूट कर गिर गया था।गरीबी और हालात से मजबूर,उम्रदराज बुजुर्ग दम्पत्ति जो घर की ऐसी स्थिति होने के बाद भी इसी में रहते थे।गर्मी का मौसम तो ठीक है लेकिन बारिश का मौसम इनके लिए सबसे कष्टदायक होता था और घर के अंदर होती बारिश के बीच रात की नींद और दिन के बाकी काम छोड़ अंदर भर रहे पानी से घर को बचाने की चिंता होती थी।ठंड में मौसम में रात गुजरना आसान नहीं होता था लेकिन अब उनकी ये सारी परेशानियां दूर हो गई हैं क्योंकि प्रतापपुर के समाजिक कार्यकर्ता की पहल से इनके घर की मरम्मत हो गई है और घर पूरी तरह से रहने लायक हो गया है।छोटे पांव मजबूत कदम के संयोजक और समाजिक कार्यकर्ता राकेश मित्तल बताते हैं कि कुछ महीने पहले जब वे इनके घर गए थे तब बुजुर्ग हिरासाय ने अपनी स्थिति बताते हुए कहा था कि घर की मरम्मत हो जाये तो उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा।इसके बाद उन्होंने उनके घर की मरम्मत के प्रयास किये और प्रतापपुर के जनपद सीईओ निजामुद्दीन, पंचायत सचिव आरिफ खान और स्थानीय जनप्रतिनिधि तूफान सिंह व अन्य का आर्थिक सहयोग मिला तथा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग दम्पत्ति के घर की मरम्मत हो गई है।दोनों ओर टूटी दीवाल जुड़ गई,सीमेंट सीट से नया छप्पर बना गया,नया दरवाजा और लिपाई पुताई से घर की स्थिति बेहतर हो गई है।उन्होंने बताया कि घर की मरम्मत से कोडाकू जनजाति के बुजुर्ग दम्पत्ति खुश हैं और अब उनके लिए नया घर बनाने के प्रयास होंगे।

### कुछ घण्टों में बना था राशन कार्ड,स्वीकृत हुआ था पेंशन...

उक्त वृद्ध दम्पत्ति पेंशन,राशनकार्ड सहित अन्य योजनाओं से भी वंचित था,इस तरह की स्थिति की जानकारी के समाजिक कार्यकर्ता राकेश मित्तल ने पाने स्तर पर बात उठाई थी जिसके बाद कुछ घँटों में ही उक्त दम्पत्ति को राहत मिल गई थी।प्रतापपुर जनपद सीईओ निजामुद्दीन ने ततपरता दिखाई थी और कुछ घण्टो में ही हिरासाय के नाम मुख्यमंत्री पेंशन स्वीकृत कर दिया था जिसके तहत हर महीने उसे 350 रुपये मिल रहे हैं।इतना ही नहीं उसके नाम से अंत्योदय राशन कार्ड बना दिया था जिससे हर महीने 35 किलो मुफ्त चावल मिल रहा है।वहां के पंचायत सचिव आरिफ खान ने गांव में जाकर तूफान सिंह व अन्य की उपस्थिति में हिरासाय को कार्ड सौंपा था। बदहाली में जीवन जी रहे कोडाकू जनजाति के वृद्ध दम्पत्ति को पेंशन और राशनकार्ड बनने के बाद बहुत हद तक राहत मिल गई थी।

## कोतवाली के सामने हुई चोरी के दोनो मामलो के आरोपी धराये

» समान बरामद,पुलिस की हो रही थी किरकिरी

- संवाददाता -

सूरजपुर, 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित दो दुकानों से चोरी कर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी थी जिसके बाद से पुलिस इन चोरों की लगातार पतासाजी में लगी हुई थी और पुलिस ने तत्परतापूर्वक चोरों की पतासाजी करते हुए दो विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को पकड़ने और चोरी की वस्तु बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। दिनांक 29.01.23 के दरम्यिानी रात्रि को हुए लेपटॉप चोरी एवं पान ठेले में हुए चोरी की घटना की रिपोर्ट थाना सूरजपुर में दर्ज कराई गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी थी, इस बीच को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि 2 व्यक्ति पुराने बस स्टैण्ड में पिकअप स्टैण्ड के पास पुराने लेपटॉप को बेचने की बात कर रहे है सूचना पर फौरन पुलिस ने दबिश देकर 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को पकड़ा। दोनों ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 29 जनवरी के रात को पुराने बस स्टैण्ड स्थित राज फोटो कापी दुकान की शीट को हटाकर एक पुराना लेपटॉप तथा 3 फरवरी को कन्हैया पान भण्डर का ताला तोड़कर नगदी रकम सहित सिगरेट, राजश्री की चोरी करना स्वीकार किए। मामले में दोनों की निशानदेही पर 1 नग पुराना लेपटॉप, 5 पैकेट सिगरेट, 2 पूड़ा राजश्री, 1000 रूपये नगदी कुल कीमती करीब 22 हजार रूपये का जप्त किया गया है। मामले में दोनों विधि विरूद्ध संषर्घरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष विधि अनुसार पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालीब शेख, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रामकुमार नायक व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।




## युवा कांग्रेस ने किया भारतीय जीवन बीमा कार्यालय का घेराव

- संवाददाता -

सूरजपुर, 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट से वित्त बाजार में तबाही जारी है। इस बीच निवेशकों के हित को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और वित्तीय संस्थाओं को घेर लिया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अडानी मुद्दे पर भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम की मुख्य शाखाओं के सामने प्रदर्शन किया है। सूरजपुर में प्रदर्शन के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय जीवन बीमा निगम की तख्ती लगाए प्रदर्शनकारी, गौतम अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे का मुखौटा लगाए व्यक्तियों के कदमों में लोटते दिखाए गए। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव की अगुवाई में मुख्य प्रदर्शन सूरजपुर के जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की मुख्य शाखा के बाहर हुआ । युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि, शेयर बाजार में तेज गिरावट ने मोदी सरकार और कुछ कॉर्पोरेट घरानों के बीच के अवैध गठजोड़ को सार्वजनिक कर दिया है। इतना सब होने के बाद भी सरकार निवेशकों को सुरक्षित रखने के लिए किसी तरह की जांच और कार्रवाई से बच रही है। इसकी वजह से पूरा मध्यम वर्ग चिंतित है। केंद्र सरकार द्वारा अडानी समूह में भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसे सरकारी वित्तीय-बैंकिंग संस्थानों के बेहद जोखिम भरे निवेश ने भारतीय जीवन बीमा निगम के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और भारतीय स्टेट बैंक के 45 करोड़ खाता धारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। केंद्र सरकार जांच भी नहीं करा रही है और संसद में चर्चा से भी भाग रही है। यह निवेशकों को और अंधेरे में डालने वाली बात होगी। इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने दो प्रमुख मांग उठाई है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा, हमारी मांग है कि हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में उठे सवालों की सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अथवा संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराई जाए। हमारी दूसरी मांग है कि भारतीय जीवन बीमा, भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के अविवेकपूर्ण निवेश पर संसद में चर्चा कराई जाए। निवेशकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के अमृतांश सिंह,दीपक कर,चंद्रभान राजवाड़े,हिमेन्द्र गुर्जर,पिंटू गुर्जर,अंशु पांडेय,शालू मित्तल,आशीष यादव,कमलेश यादव,प्रयाग दास मानिकपुरी, प्रवीण सिंह राजपूत, उत्तम यादव,भूषण बघेल, एन एस यू आई कि ओर से जिलाध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी, सरफराज खान, राजा अंसारी ,सत्यम, राजन, संजीव,शिवम साहू, अदनान, सुकेन्द्र नायक,प्रिंस बग्गा,विकास कुशवाहा, डिकेश, शन्त, नरेंद्र आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# क्या पुलिस की दलाली में उतर चुके हैं मनेंद्रगढ़ के दो पत्रकार ?

- पुलिस के लिए दो पत्रकार पीआरओ का काम कर रहे हैं और चाटुकारिता में मशगूल है?
- मनेंद्रगढ़ के दो पत्रकारों ने पूरे पत्रकारिता की गरिमा ही गिरा दी है, सिर्फ चाटुकारिता में व्यस्त हैं
- अनाधिकृत न्यूज़ पोर्टल में चाटुकारिता की खबर चलाकर पत्रकार जगत को ही शर्मसार कर रहे हैं
- खबरों की समझ नहीं और अनाप-शनाप शब्दों में लिख रहे खबर,शब्दों की मर्यादा का भी नहीं है इन्हें ख्याल




-रवि सिंह -
मनेंद्रगढ़ 06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

नवीन जिले एमसीबी के कुछ पत्रकार पुलिस विभाग की चाटुकारिता में इस कदर लिप्त हो गए हैं की वह पुलिस की झूठी महिमा मंडन के चक्कर में सारी सीमाएं पार कर दिए हैं शब्दों की मर्यादा भी भूल गए हैं, मनेंद्रगढ़ के दो पत्रकारों के चक्कर में ही सारे पत्रकारों पर उंगलियां भी उठने लगी हैं, देखा जाए तो तथाकथित पत्रकार पूरी तरह पुलिस के लिए झूठी महिमामंडन करने में फेमस हो चुके हैं, इन्हें पूरा शहर ना पसंद करने लगा है थाना के माध्यम से कई लोगों की यह दलाली भी करते नजर आते हैं, जिसकी एवज में भारी-भरकम पैसा वसूलते हैं और इसके बाद पुलिस की महिमा मंडन में लग जाते हैं क्योंकि इन्हीं से इनकी रोजी रोटी चलती है, 41 पत्रकारों को सटोरिया पैसा देता है यह बात सटोरिया ने कही थी पर लगता है उस 41 पत्रकारों में मनेंद्रगढ़ के दो पत्रकार भी शामिल थे जिन्हें जमकर तकलीफ हुई। बदनाम सटोरिया ने

## दो नंबर का काम ऐसी ही नहीं करता,पुलिस नेता व 41 पत्रकार को देता हूं तब जाकर डंके की चोट पर करता हूं:कथित सटोरिया



किया और उंगली पत्रकार पर उठाने लगे, क्योंकि यह खुद उस सटोरिया के शागिर्द लग रहे हैं? खबर लगी सटोरियों की तकलीफ हुआ तथाकथित पत्रकार को और अनधिकृत पोर्टल में देने लगे दलील ऐसा लगा कि 41 पत्रकारों में इनका नाम भी शामिल था सटोरियों का बचाव करते नजर आए और पुलिस की महिमा मंडल करते दिख ऐसा लगा कि खबर की वजह सटोरियों को नहीं से पत्रकार को पीड़ा हुई हो।

ज्ञात हो की एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ शहर में साल के 12 महीने सट्टा व जुआ का अवैध कारोबार होता है और इस अवैध कारोबार की वजह से कई घरों की सुख शांति छीन जाती है, घरों में घरेलू हिंसा उत्पन्न हो जाती है पर इससे सट्टा व जुआ खिलाने वाले को क्या फर्क पड़ता है, क्योंकि उनकी कमाई तो घरेलू हिंसा के बीच हो ही रही है विडंबना यह है की जुआ व सट्टा की आड़ में अच्छे-अच्छे घरों की स्थिति बद से बदतर हो चली है परिवार परेशान है कैसे इस लत से अपने बच्चों को बाहर निकाले, कम उम्र में कई घरों के बच्चे रोजगार की तलाश में शॉर्टकट से पैसे कमाने के चक्कर में इस सामाजिक बुराइयों के बीच ऐसे फस गए हैं कि निकल भी नहीं पा रहे हैं जबकि और इस दलदल में फंसते जा रहे हैं जिस वजह से घरों के समान तक बिक जा रहे हैं पर इससे सट्टा व जुआ खिलाने वाले को क्या फर्क पड़ता, फर्क तो उन्हें भी नहीं पड़ता जो इन अवैध कारोबार को बंद कराने के लिए तनख्वाह उठा रहे हैं ऐसे कार्यों के लिए पुलिस विभाग गठित है पर कहीं न कहीं उनकी भी जेब भी इन सटोरियों व जुआरियों के द्वारा भर दी जाती है, वही चुने हुए जनप्रतिनिधि इन्हें संरक्षण दे देते हैं फिर इस दलदल से निजात मिले तो मिले कैसे? जब अवैध कारोबार करने वाले को ही पुलिस और नेता का संरक्षण मिल जाए और ऊपर से पत्रकारों का भी सहयोग हो जाए तो फिर क्या फिर तो बड़ी-बड़ी बातें व धमकियां देना तो सटोरियों व जुआ खिलाने वालों का धर्म व करतब बन जाता है कुछ ऐसा ही मामला मनेन्द्रगढ़ शहर के एक चर्चित सटोरिया व जुआ खिलाने वाले से जुड़ा है जो डंके की चोट पर एक पत्रकार के सवाल पर कहता है की ऐसे ही दो नंबर का काम नहीं कराता हूं पुलिस नेता से लेकर 41 पत्रकारों को भी महीने देता हूं इसके बाद भी यदि कोई पत्रकार खबर छाप कर मेरा काम बंद कर आता है तो फिर मैं उस पत्रकार से मारपीट करने से भी पीछे नहीं हटूंगा, अब सवाल यह है कि आखिर इतनी हिम्मत दो नंबर के काम कराने वाले में कहां से मिलती है? क्या पुलिस व नेता इन्हें यह हिम्मत देते हैं या फिर वह 41 पत्रकार जिन्हें यह हर महीने देता है? इतने लोगों को देखकर इतने लोगों को सेटिंग कर कर आखिर यह आदमी कितने घरों को बर्बाद करता है? इसका आकलन क्या 41 पत्रकार, पुलिस व नेता कर पाएंगे? जैसे ही यह खबर प्रकाशित हुई बाकी पत्रकारों को तकलीफ नहीं हुई सिर्फ एक पत्रकार को काफी तकलीफ हुई और वह सटोरियाए व पुलिस की महिमा मंडल करने लगा ऐसा लगा कि उस खबर से सटोरिया व पुलिस को नहीं तकलीफ उस पत्रकार को ही हो?

# जनजातियों को संगठित कर उनकी मूल पहचान को संरक्षित और संवर्धित कर रहा कल्याण आश्रम:विनय शंकर





- अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित एकलव्य बालक छात्रावास चैनपुर में मकर संक्राति उत्सव का आयोजन

- संवाददाता -
मनेद्रगढ 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जनजातियों को संगठित कर उनकी मूल पहचान को संरक्षित और संवर्धित कर रहा कल्याण आश्रम÷ विनय शंकर वनवासी कल्याण आश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति मनेन्द्रगढ़÷लोक नृत्य सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है, अपितु यह जनजातियों की परम्परा, सामाजिक और धार्मिक मान्यता, संस्कृति और लोकाचार का प्रतिनिधित्व करती है, वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना जनजातियों को संगठित कर उनके मूल पहचान को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए की गई थी, मकर संक्रांति उत्सव के माध्यम से जनजातिय संस्कृति की बहुरंगी आयाम को एक मंच पर प्रदर्शित करने प्रयास किया गया है, उक्त बातें अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित एकलव्य बालक छात्रावास चैनपुर में मकर संक्रांति के उत्सव पर मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉक्टर विनय शंकर सिंह ने कही, इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि डा विनय शंकर सिंह,विशिष्ट अतिथि लखन लाल श्रीवास्तव, कौशल अरोरा, श्रीमती राजकुमारी अग्रवाल, श्रीमती नीलम कालरा, श्रीमती सुमन अग्रवाल,वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांतीय संगठन मंत्री माहेश्वर सिंह, जिलाध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम गणेश अग्रवाल, परमेश्वर सिंह उपस्थित थे।

भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के उपरांत आचार्य विनोद शुक्ला द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया. स्वागत गीत के उपरांत बालक बालिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, अपने उद्बोधन में वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांतीय संगठन मंत्री माहेश्वर सिंह ने कहा कि वनवासी समाज का विकास, सनातन हिन्दू धर्म को मजबूत करना, हम सब भारतवासी का भाव बढ़ाते हुये यह प्रकल्प निरंतर आगे बढ़ रहा है. कल्याण आश्रम का संचालन समाज के सहयोग से ही किया जाता है, यहाँ रहने वाले बालक देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है, इस अवसर पर जे के सिंह, महेंद्र जैन,दिनेश्वर मिश्रा, सुरेश श्रीवास्तव, प्रतिभा अग्रवाल,आलोक जायसवाल,दिनेश द्विवेदी,परमेश्वर सिंह,जसवीर सिंह कालरा, प्रभात वर्मा,शिव सम्पत केशरवानी,जसपाल सिंह कालरा,पार्षद सुनयना विश्वकर्मा, गंगा यादव, डा.संदीप चंदेल, हरभजन सिंह, जगदम्बा अग्रवाल, गणेश साहू, राजकुमार पाण्डेय,माहेश्वरी सिंह, व्यंकटेश अग्रवाल, अनीता फरमानिया,श्यामा सेन, राजेश जायसवाल,सरजू यादव, आर डी दीवान, मनिचंद्र ताम्रकार, विवेक तिवारी, सी एल नागवंशी भावना गुप्ता,विवेक अग्रवाल, ऋतू राजवाडे, प्रतिमा पटवा, नरोत्तम शर्मा, बसंत जायसवाल, प्रीति जायसवाल,अरुण ताम्रकार समेत क्षेत्रवासी काफी संख्या में मौजूद रहे , कार्यक्रम का संचालन रूचि गुप्ता द्वारा किया गया. आयोजन के दौरान कुबेर के मोदक की नीलामी का आकर्षक कार्यक्रम रखा जिसमे लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया. वनवासी कल्याण आश्रम के जिलाध्यक्ष गणेश अग्रवाल ने उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि आज समझ में कई तरह की चुनौती है. हमारे खान पान में भी आक्रमण हो रहा है, इस लिए जरूरी है की आपस में भाई चारा बढ़ाते हुए सेवा के क्षेत्र में कार्य करें, हमारा कोई भी भी व्यक्ति अपना धर्म ना छोड़े इसके लिए सभी की जागरूकता जरूरी है।

# पत्रकार सुरक्षा कानून अवश्य लागू होना चाहिए इस दिशा में हम सब मिलजुलकर बेहतर प्रयास करेंगे और आने वाले समय में सदभाव पत्रकार संघ के कार्यालय भवन के लिए विधायक निधि से राशि भी प्रदान की जाएगी

ईस्नु प्रसाद यादव
मनेंद्रगढ़ , 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बीते रविवार को संभाग मुख्यालय में आयोजित सदभाव पत्रकार संघ के नव वर्ष मिलन एवं प्रादेशिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शहर विधायक शैलेश पांडे ने कहीं।रविवार को शहर से लगे मोपका में विकलांग चेतना परिषद के चिकित्सालय भवन सभाकक्ष में सदभाव पत्रकार संघ का प्रादेशिक सम्मेलन एवं नववर्ष मिलन और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग के अलावा सरगुजा संभाग, बस्तर संभाग, रायपुर और दुर्ग संभाग के पत्रकार साथी सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए और पत्रकारों के हित में काम करने वाले अग्रणी संगठन सदभाव पत्रकार संघ के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता निलेश बिश्वास ने वर्तमान समय में पत्रकारों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने का हवाला देते हुए सत्ताधारी पार्टी से पत्रकारों के लिए अच्छी नीति बनाकर लागू करने की मांग की।सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने उपस्थित लोगों को पत्रकारिता के इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं जो लोगों को सही और गलत की पहचान कराते हैं,उन्होंने इस सम्मेलन के लिए सभी पत्रकार बंधुओं को अपनी शुभकामनाएं दी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक ने भी पत्रकारों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ होने के बाद भी पत्रकार उपेक्षित है इस दिशा में सही तरीके से ध्यान दिया जाना चाहिए।कार्यक्रम को तिफरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने संबोधित करते हुए पत्रकारों को समाज का सच्चा रक्षक और सिपाही निरूपित किया।सपा के प्रदेश प्रभारी धनीराम यादव,कृषि वैज्ञानिक डॉ शिल्पा कौशिक,जयरामनगर कृषि उपज मंडी के उपाध्यक्ष संतोष दुबे, आप पार्टी के बिल्हा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जसबीर सिंह चावला एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आर डी गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। आप पार्टी की पूर्व शहर अध्यक्ष डॉ उज्वला कराडे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस सफल आयोजन के लिए सभी पत्रकार साथियों को अपनी




शुभकामनाएं दी।अतिथियों के स्वागत सत्कार के बाद शहर के यातायात को सुगम बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ट्रैफिक पुलिस के उप निरीक्षक उमाशंकर पांडे प्रधान आरक्षक ध्रुव पांडे और पांच आरक्षक साथियों सतीश कुमार रघुराज सिंह अर्पित सिंह अनिल पटेल और मुकेश कोसले का भी नगर विधायक शैलेश पांडे के हाथों शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया वही इस अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था द विजडम, पायल एक नया सवेरा, कठपुतली विधा से जुड़ी किरण मोइत्रा,गौ रक्षा मंच के विपुल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता चंचल सलूजा, अंकिता शुक्ला,सहित कई अन्य जानी-मानी हस्तियों का अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान सदभाव पत्रकार संघ की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती सृष्टि सिंह के विशेष प्रयास से आए देवरीखुर्द के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सम्मेलन में समा बांध दिया। इस दौरान संभाग अध्यक्ष विनय मिश्रा और जिलाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल के विशेष अनुरोध पर मुख्य अतिथि विधायक शैलेश पांडे ने कहा कि संगठन विधिवत तरीके से प्रशासन को शासकीय भूमि के आवंटन की मांग करें फिर विधायक निधि से कार्यालय भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करने की बात उन्होंने कही। दुर्ग गंडई क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राशिद जमाल सिद्दीकी ने एक दूसरे संगठन से इस्तीफा देकर इसी कार्यक्रम के दौरान सदभाव पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण की, इस पर प्रदेश अध्यक्ष आरडी गुप्ता और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवदत्त तिवारी समेत सभी अतिथियों ने उनका स्वागत किया।सभी अतिथियों ने सदभाव पत्रकार संघ के इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी डी सी बघेल, प्रदेश सचिव उमाकांत मिश्रा, संभाग अध्यक्ष विनय मिश्रा ,कार्यकारी संभाग अध्यक्ष मनीष शर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल, राजेंद्र यादव, सत्येंद्र वर्मा ,संभागीय संगठन सचिव छोटा भाई ,बिलासपुर जिला अध्यक्ष पंकज खंडेलवाल, जिला सचिव आमिर खान ,अनीश गंधर्व, सुधीर तिवारी भूषण श्रीवास, नीरज शुक्ला, संतोष मिश्रा ,अनुज श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा, श्रीमती सृष्टि सिंह ,श्रीमती भारती यादव ,श्रीमती रामा धीमान, प्रतीक मिश्रा, शंकर अधीजा,नीरज माखीजा ,वरिष्ठ पत्रकार शिव तिवारी, रुपेश सोनी, दिलीप अग्रवाल ,संदीप गुप्ता ,प्रशांत गुप्ता ,नवीन गुप्ता ,अंकुश गुप्ता, मुंगेली इकाई से कन्हैया यादव, कोरबा जिला उपाध्यक्ष कमल दास महंत, पाली ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष दीपक शर्मा, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अध्यक्ष फिरत दास महंत,कोरिया बैकुंठपुर जिला इकाई के भगवान सिंह अजीम अंसारी,श्रीकांत जयसवाल अनिल पांडेय अजीममुदिन अंसारी पत्रकार विजय ओझा, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष कमलेश शर्मा,सहित प्रदेशभर से आए पत्रकार साथी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष आरडी गुप्ता और संतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

# ग्राम सरमा में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

## रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

- संवाददाता -
उदयपुर,06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

महिला उत्थान कल्याण समिति के ग्राम सरमा के सदस्यों द्वारा रविवार को ग्राम नशा मुक्ति एवं महिला हिंसा जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला उत्थान कल्याण समिति की ग्राम अध्यक्ष शांति सिंह के द्वारा नशा पान एवं महिला हिंसा के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नशा से दूर रहने की समझाइश दी गई। उपस्थित सभी महिलाओं को कहा कि हम महिला उत्थान कल्याण समिति के सदस्य हैं और हम सब महिलाओं को नशा मुक्ति जागरूकता एवं महिला हिंसा के खिलाफ सदैव तत्पर रहना चाहिए आज हमारा समाज नशे की गिरफ्त में होते जा रहा है हमें अपने समाज हित के लिए सदैव प्रयास करते




रहना चाहिए उपस्थित सभी महिला एवं बच्चों को विस्तार से नशे के खिलाफ की जानकारी प्रदान करते हुए नशा न करने की समझाइश दी साथ ही समिति के सदस्य सुखमनिया के द्वारा महिला हिंसा रोको अभियान की बातें कही गई है कही गई । ग्रामीण महिलाएं शराब से तो परेशान हैं ही साथ में आए दिन पति के द्वारा शराब सेवन कर महिलाओं को मारा पीटा जा रहा है यह भी अक्सर देखने को मिलता है हम सभी महिलाओं को एक साथ होकर इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए और अपने गांव को नशा से दूर रखने का प्रयास करना चाहिए। विदित हो महिला उत्थान कल्याण समिति की अध्यक्ष सरिता महंत के नेतृत्व में उदयपुर और लखनपुर ब्लॉक की हजारों महिलाएं एकजुट होकर महिला उत्थान पर कार्य विगत 3 वर्षो से लगातार करते आ रहे हैं।

नशा मुक्ति कार्यक्रम में शांति सिंह, गीताबाई , अमिला, अमिता, ललिता, जीवनी बाई सुखमनीया एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकोनामिक्स संस्था के पहल की हर तरफ हो रही सराहना

- जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत सिंघत में विशेष संरक्षित जनजातियों के लिए विशाल महा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
एमसीबी/खड़गवां 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

विशेष संरक्षित बैगा जन जाति के समूहों के लिए एक दिवसीय महा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत सिंघत में भव्य रूप में किया गया। जिस विशाल शिविर का शुभ आरंभ मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल एवं नगर पालिक निगम चिरमिरी की महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की शुरवात गणेश जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया गया । इस एक दिवसीय महा शिविर में राज्य की राजधानी रायपुर के सुप्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं गुड विल हॉस्पिटल रायपुर के डायरेक्टर.डॉ.सत्यजीत साहू के साथ एवं राज्य की पंजीकृत संस्था प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स ग्रुप की टीम द्वारा उनका स्वागत कर उनका अभिनंदन किया और विशाल शिविर का शुभ आरंभ किया गया।

जानकारी अनुसार संस्था द्वारा बीते कई माह से लगातार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में वर्षो से निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो का उनके बीच जा कर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा कर उन जनजाति समूह के लोगो का इलाज के साथ विशेष जनजातियों में फैली स्वास्थ्य के प्र ति नकारात्मकता,भ्रांतियो को दूर करने के साथ उनका निःशुल्क इलाज कर शिविर के माध्यम से दूर करने का प्रयास कर रही हैं । जिस संस्था का नेतृत्व खुद मधुमेह रोग के विशेषज्ञ डॉ0 साहू कर रहे है और साथ ही इस संस्था में मनुष्य के शरीर की अलग अलग छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए रायपुर के माने जाने चिकित्सको ने अपनी उपस्थिति देकर पूरी टीम बड़ा बल दिया है। जिसके लिए स्थानीय लोगों को हजारों रुपए खर्च कर अपना इलाज करना पढ़ता था वह अब उनके घर घर और गांव गांव में बने हुए है। ऐसा ही एक छोटा शिविर बीते एक माह पहले संस्था द्वारा खड़गवां जनपद के ग्राम पंचायत बहालपुर में लगा कर निवास रथ पांडो जनजाति के समुहों के लोगो का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर निःशुल्क इलाज के साथ दवाइयों का वितरण किया गया था। इस विशाल शिविर में उपस्थित चिकित्सक श्री साहू द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कई प्रकार की बीमारियों से बचाव का महत्वपूर्ण तरीका है। कोई भी व्यक्ति बीमार नहीं होना चाहता लेकिन अपने स्वास्थ्य के प्रति बरती



गई लापरवाही उन्हें गंभीर रूप से बीमार कर देती है। इसी तरतम्भ में एक बार पुनः मै और मेरी संस्था द्वारा जिले में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सभी विशेष संरक्षित जन जाति (बैगा) के ग्रामीण जनों को इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लाभ उठाने अपील भी की और हर संभव चिकित्सा व्यवस्था देने की बात कही। श्री साहू ने भी बताया कि उनकी संस्था का शिविर के माध्यम से लक्ष्य ये है कि स्वास्थ्य के प्रति फैली इन जनजातियों में स्वास्थ्य के प्रति भ्रांतियों को दूर किया जा सके एवं उनका निःशुल्क इलाज करवा कर स्वास्थ्य लाभ ले सके। इस शिविर के साथ ही उन्हें अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपने खान-पान के साथ ही साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

बहरहाल बीते कही महीनों से लगातार डॉ0 साहू की संस्था द्वारा इन विशेष संरक्षित जनजाति समूह के उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्यायों का उनके बीच उनकी गाँव मे पहुच कर उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के निराकरण करने की दिशा में पहल किया जा रहा है और हर ग्रामो में निवासरत बैगा जनजातीय के लोगों में स्वास्थ्य शिविर के प्रति उत्साह देखने को मिला। प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स संस्था की टीम द्वारा इस विशेष बैगा संरक्षित जनजाति स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से केंद्रीय श्रम पदाधिकारी श्री रामअवतार अलगमकर, प्रदीप प्रधान, अशोक पटेल, बलदेव दास, सोएब अली, ग्राम पंचायत के सरपंच श्री राम नारायण, उप सरपंच शिवचंद्र एवं आरयू संस्था के अध्यक्ष सुनील शर्मा व संस्था के सचिव संतोष ठाकुर के साथ सरगुजा संभाग के अकॉर्डिनेटर दिनेश यादव भी उपस्थिति रहे । इस विशाल स्वास्थ्य शिविर मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 विनय जायसवाल एवं उनके साथ नगर निगम चिरमिरी की महापौर कंचन जायसवाल ने इन जातियों के लिए विशेष शिविर के इस बड़े आयोजन में संस्था द्वारा किये जा रहे बैगा विशेष संरक्षित स्वास्थ्य शिविर के समूहों के इलाज प्रशंसा की सरहाना करते हुए पुरे टीम को बधाई एवं अपनी शुभ कामनाये दी।

CMYK

# चुनावी वर्ष और कोरिया जिला भाजपा की अंदरूनी लड़ाई,क्या ऐसे ही मिलेगी विधानसभा चुनाव में जीत

- जिलाध्यक्ष की पार्टी में ऐसी मनमानी की सभी बड़े नेताओं को लगा रहे किनारे
- वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ताओं को लगातार जिलाध्यक्ष करते जा रहे हैं किनारे,अपने चहेतों को दे रहें हैं पद
- भाजपा जिला कार्यालय में भी अपने बेटे के लिए बना ली दुकान,क्या संगठन का भवन भी है उन्ही के कब्जे में?
- पूर्व जिलाध्यक्षों ने संगठन के भवन में नहीं लिया कोई हिस्सा,वर्तमान जिलाध्यक्ष ने कब्जा जमाया एक कक्ष पर
- क्या अपने पुत्र के चाय दुकान के लिए कार्यालय के बरामदे को जिलाध्यक्ष ने करा दिया छोटा?
- जिलाध्यक्ष दूसरी बार कमान मिलते ही हो गए हैं मनमानी पर उतारू,कर रहे मनमाने कार्य
- स्वयं जिलाध्यक्ष के भाई व भाजपा नेता ने जिलाध्यक्ष पर लगाया है सोशल मीडिया पर मनमानी का आरोप






- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिला भाजपा संगठन में सब कुछ अच्छा चल रहा है ऐसा लग नहीं रहा है। पिछले कई सालों से जबसे वर्तमान जिलाध्यक्ष को जिले की कमान मिली है लगातार संगठन कमजोर हुआ है और संगठन में अंदरूनी कलह बढ़ी है जैसा की देखने को और सुनने को मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी के अंदर सामंजस्य स्थापित नहीं कर पा रहे हैं, वह पूरी तरह असफल साबित हो रहें हैं और इसी असफलता के बीच वह अपनी मनमानी भी पार्टी के भीतर चला रहें हैं जिससे पार्टी के अंदर गुटबाजी भी हावी है और नाराजगी भी आपसी देखी जा रही है। जिलाध्यक्ष को भाजपा कोरिया जिले की कमान दूसरी बार मिली है और दूसरी बार वह और अधिक मनमानी पर उतारू देखे जा रहें हैं जो दिख भी रहा है।

### क्या जिलाध्यक्ष, भैयालाल, देवेंद्र व शैलेष को ओवरटेक कर विधायक का टिकट लेने की तैयारी में?

सेवानिवृत्त होने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष के तेवर ऐसा बदले की संगठन की टीम अपने तरीके से तैयार कर रहे हैं संगठन की टीम विधानसभा जिताने के हिसाब से नहीं अपने आपको खुद विधायक बनाने के हिसाब से तैयार करने जैसी लग रही है, सूत्रों का मानना है की पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र तिवारी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे को ओवरटेक कर अपनी टिकट विधानसभा के लिए तय करने की जुगत में लगे? जिस प्रकार से उनका हव भव व रणनीति देखी जा रही है उससे अभी तक यही प्रतीत हो रहा है।

भाजपा कार्यालय पर पहले जिलाध्यक्ष जिन्होंने जमाया कब्जा,पूर्व जिलाध्यक्षों ने नहीं किया था कब्जा- कोरिया जिले के भाजपा जिला कार्यालय पर वर्तमान जिलाध्यक्ष ने कब्जा जमाते हुए अपने पुत्र के लिए चाय की दुकान खोली है और ऐसा करके वह भाजपा के पहले जिलाध्यक्ष बन गए हैं जिन्होंने कार्यालय पर कब्जा जमाया है। अपने पुत्र की दुकान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय के पुराने भवन नक्शे में ही फेरबदल कर दिया है और भाजपा कार्यालय के बरामदे को छोटा कर अपने पुत्र के लिए दुकान की व्यवस्था कर दी है। इसके पूर्व के दो जिलाध्यक्षों ने जिसमें जवाहर लाल गुप्ता व स्व तीरथ गुप्ता ने कार्यालय पर कभी कब्जा नहीं जमाया था और उन्होंने कार्यालय के दुकानों में कभी अपनी हिस्सेदारी तय नहीं की थी। कार्यालय पर कब्जा जमाने वाले यह पहले जिलाध्यक्ष माने जा रहे हैं और यह इनकी मनमानी का उदाहरण है।

### भाजपा जिला संगठन में जिलाध्यक्ष की जारी है मनमानी

भाजपा जिला कोरिया संगठन में भी जिलाध्यक्ष की मनमानी बदस्तूर जारी है। अभी हाल ही में पार्टी के जिला इकाई समेत विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों का गठन इन्होंने किया है, मंडल अध्यक्ष भी इन्होंने मनोनित किए हैं वहीं महिला मोर्चा का भी गठन किया गया है। सभी में ऐसे लोगों को पद इन्होंने प्रदान किया है जो कभी बैठक व पार्टी कार्यक्रम में नजर नहीं आते। जिला मुख्यालय की ही यदि बात की जाए तो इन्होंने कई बड़े भाजपा नेताओं को किनारे लगाने का काम किया है। बैकुंठपुर में जहां एक प्रभावशाली मंडल अध्यक्ष बनाया जाना था वहां भी इन्होंने अपने चहेते को पद प्रदान किया। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष साथ ही वर्तमान में भी अपने दम पर अपनी धर्मपत्नी को नगरपालिका अध्यक्ष पद पर आसीन करा पाने वाले जबकि भाजपा आंकड़ों में पीछे थी शैलेश शिवहरे के समर्थकों को भी जिलाध्यक्ष ने पार्टी में पद देना उचित नहीं समझा जबकि आज शैलेश शिवहरे का जनाधार जिलाध्यक्ष से कई गुना अधिक है। जिलाध्यक्ष ने शैलेश शिवहरे समर्थकों को पद न देकर उन्हें कमजोर करने का प्रयास किया है वहीं बंचरा पोड़ी में भी कार्यकारणी को लेकर सवाल उठ रहा है। जिला कार्यकारणी की बात हो या मोर्चा प्रकोष्ठों की बात हो दो लोगों ने जिनमे एक जिलाध्यक्ष स्वयं हैं और एक पूर्व मंत्री शामिल हैं जैसा की बताया जा रहा है दोनों ने मिलकर गठन किया है और किसी वरिष्ठ अन्य भाजपा नेता की राय इसमें इन्होंने नहीं ली है। संगठन में अंदर ही अंदर आक्रोश पनप रहा है जिसकी बानगी सोशल मीडिया पर देखी भी जा रही है।

### वर्तमान जिलाध्यक्ष के रहते विधानसभा चुनाव में जीत मिल पाना संभव नहीं दिखता?

भाजपा कोरिया के जिलाध्यक्ष के रहते भाजपा बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव जीतेगी यह लगता नहीं है। अपने कार्यकाल में पार्टी के अंदर गुटबाजी और नाराजगी को जन्म दे चुके जिलाध्यक्ष के कई निर्णय ऐसे हैं जिनसे पार्टी के लोग ही सहमत नहीं हैं। अपने से ज्यादा जनाधार वालों को किनारे लगाने के चक्कर में जिलाध्यक्ष ने पार्टी को ही आपसी गुटबाजी का अखाड़ा बना दिया है और जिसका असर चुनाव पर निश्चित पड़ेगा ऐसा माना जा रहा है।

### निकाय चुनाव में नेतृत्व से जिलाध्यक्ष कर चुके निराश,शैलेश शिवहरे ने भाजपा की बचाई थी लाज

वैसे जिलाध्यक्ष रहते हुए वर्तमान जिलाध्यक्ष के खाते में कोई ऐसी उपलब्धी नहीं जुड़ी है जिससे यह माना जाए की वह पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हुए हैं, वर्तमान में संपन्न हुए जिला पंचायत उप चुनाव में पूर्व मंत्री की पुत्रवधु की जीत जहां पूर्व मंत्री की व्यक्तिगत जीत मानी गई है वहीं पूर्व में संपन्न हुए जिले के निकाय चुनावों में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी वहीं बैकुंठपुर नगरपालिका पर शैलेश शिवहरे की व्यक्तिगत मेहनत रंग लाई और उन्होंने अध्यक्ष पद पर कब्जा कर भाजपा की लाज बचाई थी।कुल मिलाकर जिलाध्यक्ष भाजपा के लिए बिल्कुल फायदेमंद साबित नहीं हो रहें हैं और पार्टी लगातार गुटबाजी का शिकार होती जा रही है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष गुट से शैलेश शिवहरे और देवेंद्र तिवारी गुट बाहर

भाजपा जिलाध्यक्ष को जहां विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने के लिए जिले भर के भाजपाइयों को एकजुट करने की जिम्मेदारी निभानी थी वहीं वह खुद पार्टी में गुटबाजी के समर्थक दिख रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने शैलेश शिवहरे समर्थकों सहित देवेंद्र तिवारी के समर्थकों को किनारे कर रखा है जिसका नुकसान पार्टी को उठाना पड़ सकता है।

### जिलाध्यक्ष के कार्यप्रणाली पर स्वयं उनके छोटे भाई लगा चुके हैं आरोप

भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यप्रणाली और पार्टी के अंदर उनकी मनमानी पर स्वयं उनके छोटे भाई आरोप लगा चुके हैं। सोशल मीडिया में उनके भाई ने अपने भाई को पार्टी के अंदर मनमानी करने वाला बताया है और उन्होंने अपनी व्यथा सोशल मिडिया पर लिखी है।

### नौकरी से सेवानिवृत होते ही जिलाध्यक्ष के बदले तेवर,करने लगे मनमानी

भाजपा जिलाध्यक्ष दिसंबर 2022 तक एसईसीएल के कर्मचारी बतौर अपनी सेवा एसईसीएल को प्रदान कर रहे थे वहीं वह जैसे ही सेवानिवृत्त हुए वह और अधिक मनमानी करने लगे। नौकरी के दौरान जिलाध्यक्ष रहते हुए वह मनमानी कम करते थे लेकिन नौकरी से सेवानिवृत्त होते ही उनकी मनमानी इसलिए बढ़ गई क्योंकि उनको अब नौकरी पर आंच आएगी इस बात का भय समाप्त हो गया है।

# कोरिया की यातायात पुलिस इन दिनों खूब सुर्खियों में,वर्षों से जमे सिपाहियों के द्वारा बेधड़क की जा रही वसूली

- गृह मंत्री के प्रभार वाले जिले में ट्रैफिक पुलिस कर रही अवैध वसूली,मंत्री जी ने अवैध वसूली ना करने हेतु दिए हैं पूरे प्रदेश में सख्त निर्देश



-रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले का यातायात पुलिस विभाग इन दोनों अवैध उगाही के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है वर्षों से एक ही स्थानों पर जमे कुछ सिपाहियों ने तो जिस तरह से टैक्सियों ट्रकों बसों पिकप ट्रैक्टरों से वसूली की लिस्ट तैयार रखी है और वसूली करता है ऐसा प्रतीत होता है कि जिले में कोई फैक्ट्री संचालित है और उसकी उधारी की वसूली की जिम्मेदारी फैक्ट्री संचालक ने इन सिपाहियों को सौप रखी है,बताया जाता है कि इन नामचीन सिपाहियों किस जब से पदस्थापना हुई है तब से उसी स्थान पर टिके हुए हैं इनके यातायात विभाग में रहते हुए कई दर्जन प्रभारी बदले गए लेकिन यह उगाही मास्टर टस से मस नहीं हुए और आज भी पूरे जिले में बड़े जबरा ढंग से रंगदारी वसूल रहे हैं यदि इस की गतिविधियों का कोई विरोध करता है तो कहते हैं कि बेगारी भी हम को सबसे ज्यादा करना पड़ता है कभी पक्ष कभी विपक्ष का नेता हम से गाड़ी मांगता है तो कभी पिकनिक पार्टी देनी पड़ती है तो कभी आला अधिकारी आते हैं तो उनके लिए गाड़ी व्यवस्था करना पड़ता है यह सब जिम्मेदारी हमें ही निभानी पड़ती है तो थोड़ा बहुत आप लोग से सहयोग ले लेते हैं तो बुरा क्या है,, सवाल ये उठता है कि प्रदेश सरकार क्या पूरी तरह से कंगाल हो चुकी है जो सरकारी कामकाजो को इन सिपाहियों के भरोसे करने के लिए मजबूर है।

कोरिया और एमसीबी जिला के मध्य जगतपुर रेलवे अंडर ब्रिज के पास इन लोगों ने अभी अपना नया अड्डा बनाया हुआ है और वहां पर बड़े पैमाने में अवैध वसूली का कार्य कर रहे हैं, यह यातायात वाले इतने शातिर हैं कि अकेले व्यक्ति को यह कम परेशान करते हैं यदि उस व्यक्ति के साथ उसका परिवार मौजूद है तो यह उनसे बड़े बेरुखी और बदतमीजी से बात करते हैं और उन्हें जलील करने का पूरा प्रयास करते हैं वह व्यक्ति परिवार के सामने जलील ना होने से बचने के लिए इनके मनमाफिक उगाही का शिकार बन जाता है और इस तरह से यह यातायात वाले अपना खेल खेल रहे हैं, कोरिया जिले के बंटवारे के बाद लगभग सभी विभागों में मायूसी देखने को मिल रही है लेकिन सड़कों पर दानव की तरह विचरण कर रहा यातायात विभाग मदमस्त है लाखों रुपए की महीने की वसूली करने वाले सिपाही अपने आकाओं को खुश कर अंगद की तरफ पैर जमा कर अपनी पदस्थापना दिनांक से लेकर आज तक यातायात विभाग कोरिया में टिके हुए हैं क्या आला अधिकारियों को उनकी कारगुजारी यों के बारे में पता नहीं है या फिर उनकी सहमति से यह सड़कों पर गुंडागर्दी कर रहे हैं और आम जनमानस को परेशान कर रहे हैं दिल के पास क्षेत्र में चलने वाले ट्रक बस के अलावा मिनी ट्रक मिनी बस पिकअप अवैध टैक्सियां ऑटो रेत गिट्टी धोने वाले ट्रैक्टर की पूरी सूची मौजूद है दिनभर या सड़कों पर खड़े होकर उनसे उगाही करते हैं और यदि पैसा नहीं मिलता तो उनकी गाड़ियों को घंटों खड़ा करा कर रखते हैं इस तरह से इनकी उगाही से पूरा जिला परेशान हो चला है बड़े सवेरे उठकर यह अपने निर्धारित चिन्ह अंकित स्थानों पर खड़े हो जाते हैं और दिन भर अपने उगाही का सिलसिला जारी रखते हैं, प्रदेश के गृह मंत्री ने अवैध उगाही पर अंकुश लगाने के लिए कई बार पुलिस अमला को नए नए फरमान दिए हैं लेकिन उनके फरमान को नजरअंदाज कर कोरिया यातायात विभाग जबरदस्त ढंग से उगाही कर रहा है।

# मनेन्द्रगढ के युवा प्रफुल्ल् जैन ने राजधानी रायपुर में किया शानदार मॉडलिंग शो का सफल आयोजन

- जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लोगों ने लिया हिस्सा

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



मनेन्द्रगढ के युवा प्रफुल् जैन ने राजधानी रायपुर में किया एक शानदार मॉडलिंग शो का आयोजन जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लोगों ने लिया हिस्सा एवं हज़ारो की संख्या मे दर्शकों की हुई भीड़। यारियां इवेंट्स रायपुर के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के विषय में एक फैशन शो एम्पावर छत्तीसगढ़ इस् रविवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाज़ार में आयोजित किया गया। जहाँ पूरे छत्तीसगढ़ से बढ़ चढ़ कर महिलाओं एवं बच्चों ने पार्ट लिया। अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रफुल जैन एवं रोली जैन ने बताया की प्रतियोगिता को देखने दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। लगभग 1500 की संख्या में दर्शक कार्यक्रम का लुफ्त उठाते रहे। मंच का सफल संचालन इंदौर से आयीं ड्राइंग आर्टिस्त श्रीयांशी जैन ने किया। कार्यक्रम में मिस एम्पावर का टाइटल मिनल कोसले ने अपने नाम किया। वहीं रनर अप विधि बारेडिया रहीं। वहीं मिसेस मे सरगुजा की श्रीमती आकांक्षा सिंह ने बाजी मारी तो रनर अप रायपुर की श्रद्धा दानी रहीं। वहीं बच्चों में डोलसी दरयाणी एवं डोंगरगांव की अनुष्का जैन ने बाजी मारी। वहीं विभिन्न क्रियकलापो में जगदलपुर की श्रिमति पार्वती श्रीमती सीमा जैन ने बाजी मारी। मिस में बेस्ट वाक एवं बेस्ट थीम का अवार्ड वैशाली, दुर्गा एवं कंचन सोना ने जीता। आदया, एंजेल, खुशी ने बच्चों की केटेगरी में दर्शकों का ध्यान खींचते हुए अवार्ड जीते। वहीं मिस्टर की कटेगरी में अनिल वीरानी विजेता रहे। एवं आयुष पटेल दूसरे स्थान पर रहे। बेस्ट थीम का अवार्ड जय सोनक एवं अमन् को प्राप्त हुआ। जजमेंट में मिस भिलाई राखी मंडल, मिसेस सेंट्रल इंडिया रिंकी शर्मा एवं मिस रायपुर रह चुकी सुज़ैन् खान ने अपनी भूमिका निभाई। आयोजक ने बताया की थीम मे बेस फैशन शो का मक़सद महिला सशक्तिकरण पर लोगों को जागरूक करना था। इस तरह के आयोजन निरंतर जारी रखेंगे एवं दर्शकों की हज़ारों की भीड़ ने आयोजन मंडल एवं प्रतिस्पर्धितों का हौसला बढ़ाया है।

# आखिर कब मानेंगे माननीय विधायक जी,क्या रेवड़ी समझ स्वेच्छानुदान की राशि को रिश्तेदार,कांग्रेस नेताओं व प्रतिनिधि को बांट रहे?

- विधायक ने फिर से रेवड़ी की तरह रिश्तेदार,कांग्रेस नेताओं अपने प्रतिनिधि को बांट दी स्वेच्छानुदान की राशि

- रवि सिंह -
मनेंद्रगढ़ 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एक और प्रदेश मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश में अपनी सरकार के 4 साल के कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश की जनता को अपनी उपलब्धि बताते नहीं थक रहे। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की दूसरी विधानसभा मनेंद्रगढ़ के विधायक विनय जायसवाल स्वेच्छानुदान राशि के बंदरबाट को लेकर एक बार फिर से सुर्खियों में है। पूर्व में स्वेच्छानुदान की राशि महिला कांग्रेस नेत्रियों को बांटने के बाद अब विधायक ने कांग्रेस नेताओं, युवक कांग्रेस पदाधिकारी, एनएसयूआई नेताओ और ऐसे लोगो को स्वेच्छानुदान की राशि बांट दी है जिन पर स्वेच्छानुदान की राशि का हक ही नही बनता। मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को क्षेत्र की जनता ने इस विश्वास के साथ विजयी बनाया था कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुख-दुख के सहभागी बनेंगे। मनेंद्रगढ़ विधानसभा विकास की ओर अग्रसर होगा, लेकिन लोगों को क्या पता था कि विधायक बनने के बाद विधायक जी फिर पुराने ढर्रे पर चलने लगेंगे। पुलिस चौकियों में प्रभारी नियुक्त करने व 4 दर्जन से ज्यादा विधायक प्रभारी बनाने के बाद मनेन्द्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल फिर विवादों में है।

### रिश्तेदार पूर्व पार्षद को बांट दी राशि

विधायक ने अपने सह मीडिया सलाहकार पीयूष ताम्रकार, पूर्व पार्षद श्रीपत राय को 5 हजार जो विधायक के रिश्ते में साढ़ू भाई भी लगते है और ठेकेदार भी है, युवक कांग्रेस जिला महामंत्री नूर आलम आजमी को 5 हजार, कांग्रेस नेता सुधीर अग्रवाल को 5 हजार, एनएसयूआई जिला संयोजक निखिल यादव को 5 हजार, राजधानी रायपुर में विधायक का कामकाज देख रहे आकाश बरनवाल के पिता श्रीराम बरनवाल को 5 हजार, कम्प्यूटर कालेज के संचालक के बेटे उज्ज्वल सिंह को 10 हजार और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और




कार्यकर्ता को जनसंपर्क निधि की राशि बांट दी है। इसमें सरकारी राशि व्यय करने में शासन के निर्देशों की भी अनदेखी की जा रही है। विधायक विनय जायसवाल ने ने महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता को जनसंर्पक निधि बांट दी। सूची में ऐसे नाम हैं जो धनाढय वर्ग से हैं और उन्हें आर्थिक सहायता की जरूरत ही नहीं है।

### पत्रकारों को कर दिया विज्ञापन का भुगतान

म ुखयम ंत्री स्वेच्छानुदान निधि से विधायक ने अपने विज्ञापन का पेमेंट पत्रकारों को आर्थिक रूप से कमज़ोर बता कर करवा दिया। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को देना होता है। विधायक की अनुशंसा पर? पार्टी कार्यकर्ताओं व पत्रकारों को गरीब बता? कर मुख्य मंत्री स्वेच्छानुदान दिलवा दिया। जबकि इनमें ?से कुछ लोग लखपति व करोड़पति की? हैसियत रखते है।

### पहले विधायक प्रभारी, महिला कांग्रेस नेत्री, एल्डरमैन को दी थी राशि

इस से पहले भी विधायक विनय जायसवाल ने स्वेच्छानुदान की राशि रेवड़ी की तरह बांटी थी, विधायक द्वारा महिला बाल विकास विभाग में बनाई गई विधायक प्रभारी सगुफ्ता बख्श को 20 हजार रुपए की राशि जनसंपर्क निधि से शिक्षा हेतु दी गयी है। जबकि सगुफ्ता बख्श कही अध्यनरत नही है। इतना ही नही सगुफ्ता बख्श के पति एसईसीएल कर्मचारी है। विधायक ने एल्डरमैन रूमा चटर्जी को भी 10000 रुपये की आर्थिक सहायता दी थी। रूमा चटर्जी इनके पति रेलवे कर्मचारी है।

### क्या है जनसंपर्क निधि?

गरीब या जरूरतमंदों को आकस्मिक आर्थिक मदद के लिए विधायकों को स्वेच्छानुदान व जनसंपर्क निधि जारी करने का अधिकार दिया गया है। विधायक इसका इस्तेमाल जरूरतमंदों के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न क्लबों व मंडलियों को उनके नाम से निधि जारी करने का अधिकार दिया गया है।

CMYK

# जिले में 35 हितग्राहियों को एक करोड़ 48 लाख रूपए की स्वास्थ्य सहायता राशि स्वीकृत

» मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से गंभीर बीमारियो के उपचार हेतु 20 लाख रूपए तक की मिल रही मदद

- संवाददाता -
कोरबा,06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत कोरबा जिले में गत वर्ष से अब तक 35 हितग्राहियों को विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु लगभग एक करोड़ 48 लाख रूपए की स्वास्थ्य सहायता राशि स्वीकृत की गई है। योजना के द्वारा बिना किसी आर्थिक परेशानी के गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों का उपचार संभव हो रहा है। कोरबा जिले में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत एम्स रायपुर, अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर सहित बैंगलोर, दिल्ली, बाल्को-कोरबा, सिम्स बिलासपुर, भिलाई आदि स्थानों के बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में ईलाज के लिए जरूरतमंद हितग्राहियों को राशि स्वीकृत की गई है।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य में संचालित मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से राज्य में जरूरतमंदों को 20 लाख रूपए तक की स्वास्थ्य सहायता सुलभ हो रही है। गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए सहायता राशि का प्रावधान है। इसके अंतर्गत लीवर, किडनी, फेफड़ों का प्रत्यारोपण, हृदय रोग, हीमोफिलिया एवं फेक्टर-8 और 9, कैंसर, एप्लास्टिक, एनिमिया (जिनका ईलाज राज्य में उपलब्ध न हो या राशि समाप्त हो चुकी हो) जैसी बीमारियों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कॉक्लीयर इंप्लांट, एसिड अटैक विक्टिम आदि बीमारियों का उपचार शासकीय चिकित्सालयों में किया जाता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की जटिल बीमारियां जिनका ईलाज राज्य में उपलब्ध न हो उनका ईलाज मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के द्वारा किया जा रहा है। इस योजना से प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशनकार्ड धारी परिवार एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिथिलीकरण उपरांत अन्य श्रेणी के परिवारों को लाभान्वित किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा अनुमानित राशि का एस्टीमेट सहित मरीज के समस्त चिकित्सा दस्तावेज के साथ कार्यालय राज्य नोडल एजेंसी आयुष्मान भारत रायपुर (छ0ग0) में आवेदन कर सकते हैं।




# थाना सिविल लाइन में सीईओ एवं बाबू के खिलाफ वित्तीय अनियमितता का दर्ज हुआ मामला




- राजा मुखर्जी -
कोरबा,06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

पिछले कई दिनों से जनपद पंचायत कोरबा में शासकीय राशि डकारने को लेकर आरोप प्रत्यारोप के साथ साथ शिकायतों का खेल चल रहा है जो थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आज इसी कड़ी में एक नया मोड़ आया जब प्रशासनिक जांच रिपोर्ट में साढ़े 3 लाख रूपया के गबन का मामला सामने आने पर पर थाना सिविल लाइन रामपुर में जनपद पंचायत कोरबा के सीईओ गोपाल कृष्ण मिश्रा व बाबू सुरेश पाण्डेय के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। बता दें के कुछ दिनों पहले सीईओ जनपद पंचायत कोरबा के खिलाफ आर्थिक गड़बड़ी की शिकायत हुई थी। जिसकी जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जिला पंचायत कोरबा एवं जिला कोषालय अधिकारी कोरबा की संयुक्त समिति द्वारा किया गया । जांच में शासकीय राशि के साढ़े 3 लाख रूपया का कपटपूर्ण गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती माया वारियर ने स्वयं के द्वारा हस्ताक्षरित शिकायत पत्र देकर अपने विभाग के क्षेत्र संयोजक राधेश्याम मिर्झा को जनपद पंचायत सीईओ गोपाल कृष्ण मिश्रा (जीके मिश्रा) एवं बाबू सुरेश पाण्डेय सहायक ग्रेड -02 के विरुद्ध उनके द्वारा साढ़े 3 लाख रुपये की विभागीय शासकीय राशि का कपटपूर्ण गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता करने पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना सिविल लाईन रामपुर भेजा था। जिसके आधार पर उक्त एफआईआर किया गया है ।

## 108 की टीम ने पैदल 04 किलोमीटर का फासला तय कर पहाड़ी कोरवा की बचाई जान

- संवाददाता -
कोरबा,06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पहाड़ी कोरवा की जान बचाने के लिए इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा यानी 108 की टीम करीब 04 किलोमीट पैदल चली है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक



ग्राम खोरीभाना से ऊपर करीब 04 किलोमीटर पहाड़ में एक महिला 53 वर्षीय फगनी बाई रहती है। वे पिछले दो तीन दिनों से बीमार थी और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उक्त मरीज के बीमार होने की जानकारी गांव के पंच ने 108 की टीम को दी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची। लेकिन खोरीभाना में एंबुलेंस खड़ी करने के बाद पहाड़ में एंबुलेंस का जाना संभव नहीं था। इसलिए 108 की टीम पैदल स्ट्रेचर लेकर ऊपर गई और बीमार महिला को नीचे लाया गया। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने मोदी सरकार के गलत नीतियों पर जताया विरोध

- संवाददाता -
कोरबा,06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

जिला कांग्रेस पार्टी कोरबा ने आरोप लगाते हुए कहा के आज पूरा देश केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण भुगत रहा है द्ध खासकर मध्यम वर्गीय परिवार आज इस महंगाई जो की मोदी सरकार की देन है एवं मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एस.बी.आई और एल आई सी जैसे सरकारी संस्थानों के पैसे का बेहद जोखिम भरी लेनदेन और इस अडानी समूह में निवेश कद्ध भारत के निवेशकों (एल.आई .सी के 29 करोड़ और एस.बी.आई के 45 करोड़ खद्धता धारको)पर प्रतिकूल प्रभाव डाल दिया है द्ध कांग्रेस पार्टी पूंजीवाद के खिलाफ है नाकि किसी खास भारतीय कॉर्पोरेट घराने के खिलाफ पर चंद पूंजीपति को लाभ पहुँचाने के लिए नियम परिवर्तन के खिलाफ है द्ध कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब और आमआदमी के साथ खड़ी है और रहेगी द्ध इसलिए इन चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुँचआने के लिए किये गए नियम परिवर्तन के विरूद्ध मुख्यलयों में स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य साखा टी पी नगर कार्यलय एवं जीवन बिमा निगम मुख्य कार्यलय के सामने धरना प्रदर्सन करते हुए मांग करती है के हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की विस्तार से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश या सयुंक्त संसदीय समिति के तहत निष्पक्ष जांच किया जाये साथ ही संसद में एस बी आई और एल आई सी व अन्य बैंको के जबरदस्त निवेश पर चर्चा कर निवेसकों के सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए द्ध इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल ने कहा के जिस तरह से मोदी सरकार देश के सार्वजनिक संस्थानों के पैसे को चंद पूंजीपतियों में बाँट रह है, वह बेहद चिंता का इसे विषय है पूर्व में भी उनके इन नीतियों के कारण कई पूंजीपतियों ने बैंकिंग संस्थाओं को चूना लगा के भाग गए, जिनका रिकवरी अब तक नहीं हो सका है प्रदर्शन के दौरान कोरबा महापौर राज किशोरप्रसाद, श्याम सुन्दर सोनी सभापति , श्रीमती सपना चौहान, श्रीमती उषा तिवारी ,पार्षद अनुज जायसवाल ,पार्षद सनेश कुमार एवं समस्त कांग्रेस पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



# मूलभूत सुविधाओं सहित सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए जाने शासन-प्रशासन से मांग

» राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को शासन की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

» कोरवा,पण्डो जनजाति का विकास कागजों पर





- संवाददाता -
लखनपुर, 06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले कोरवा पंडो जनजाति के विकास के लिए सरकार के द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं ।मगर ग्राम चांदो , बेलदगी, पटकुरा, लोसगी जामझोर ,लोंसगा, ढोंढा केसरा, डांड केसरा, रेमहला खिरहिर, चिलबिल, माजा सहित अन्य ग्रामों में निवासरत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कोरवा पण्डो जनजाती आज भी बदहाली का जीवन जीने को मजबूर है। सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी इनको नहीं मिल पा रहा है। एक ओर सड़क बिजली-पानी जैसी मूलभूत समस्याओं को तरस रहे तो वहीं दूसरी ओर शासन से अब तक राशनकार्ड ,रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, पेंशन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल सका है। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से भी वंचित है। विशेष आरक्षित कोरवा पण्डो जनजाति के लोगों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक चक्कर लगा चुके हैं।परंतु इनकी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। आज भी यह जनजाति जंगलो पर निर्भर है। जंगल के लकड़ी बेचकर वह जीवन जीने को विवश है। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम चांदो में 35 पण्डो परिवार बेलदगी के आश्रित ग्राम बेंदो पानी, चिल्फी पानी में कोरवा जनजाति के 40 परिवार निवासरत है। जो मूलभूत समस्याओं सहित सरकार के महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास ,राशन कार्ड, जॉब कार्ड सहित पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसे लेकर काफी परेशानियों का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। योजना का लाभ नहीं मिलने से कोरवा पण्डो जनजाति के लोगों में रोष व्याप्त है। मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बेलदगी और चांदो में निवासरथ कोरवा पंडो जनजाति के लोग जमीन पर काबिज है उन जमीनों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें पट्टा का वितरण किया जाए साथ ही मूलभूत सड़क बिजली पानी की सुविधाओ सहित शासन की योजना प्रधानमंत्री आवास शौचालय राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, पेंशन योजना का लाभ उन्हें दिलाया जाए। आने वाले समय में कलेक्टर कार्यालय पहुंच इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। तो वही बेंदो पानी निवासी दिव्यांग दंपत्ति सोभित कोरवा ने बताया कि वह भिक्षा मांग कर अपना जीवन बसर कर रहे हैं। ना तो उसे शासन की ओर से मिलने वाले ट्राईसाईकिल मिला है और ना ही प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सका है। साथ ही उन्होंने बताया कि ट्रांस है कल प्रधानमंत्री आवास और पेंशन को लेकर कई बार फार्म भरा गया है परंतु अब तक उन्हें यह सुविधा मुहैया नहीं हो सकी है। पेंशन प्रधानमंत्री आवास और ट्राई साइकिल की शासन प्रशासन से मांग की है। इस दौरान जगन्नाथ कोरवा, विरोधन राम पंडो, शोभित राम पंडो, हीरामति ,मंगली कोरवा, बुधनी कोरवा, सुदन राम कोरवा ,इतवार शाय, रामधारी, मुन्ना कोरवा, नयहर साय को, सहित सैकड़ों की संख्या में कोरवा पंडो जनजाति के लोग मौजूद रहे।





# भव्य शोभायात्रा के साथ पंडित रविशंकर शुक्ल नगर के चिल्ड्रन गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

- संवाददाता -
कोरबा, 06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

कोरबा के पंडित रविशंकर शुक्ल नगर के चिल्ड्रंस पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है,जिसकी शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ की गई द्ध शोभायात्रा में बड़ी संख्या में बच्चे महिलाएं एवं पुरुष पीतांबर वस्त्र धारण कर शामिल हुए द्ध शोभा यात्रा के दौरान कर्मा पार्टी द्वारा आकर्षक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया द्ध शोभा यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर पूरे वार्ड में भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई द्ध 05 फरवरी से प्रारंभ हुए इस आयोजन का समापन 11 फरवरी को होगा और अगले दिन यानी 12 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन भागवत कथा परिवार के द्वारा किया जाएगा। व्यासपीठ पर श्रीधाम वृंदावन रसिक भागवताचार्य श्री हित ललित वल्लभ नागार्च कथा का वाचन करेंगे।

## जनपद सदस्य मोनिका भगत ने जनपद अध्यक्ष समेत अन्य लोगो पर हस्ताक्षर का गलत उपयोग करने का लगाया आरोप

- संवाददाता -
कोरबा,06 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत कोरबा की उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या बाई के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अब विवादों में फंसता नजर आ रहा है। दरअसल मोनिका भगत पति अरविंद भगत वर्तमान में जनपद पंचायत कोरबा के क्षेत्र क्रमांक 20 गोडमा से जनपद सदस्य है । जिन्होंने कोरबा जनपद अध्यक्ष हरेश कंवर, जनपद सदस्य नंदकुमार कंवर, संतोष लकड़ा, नरेंद्र पटेल, जनपद सदस्य सावित्री गांगुली के पुत्र आशीष गांगुली, रविशंकर राठिया, किशन कोसले पर षड्यंत्र पूर्व उनका हस्ताक्षर कर कौशल्या बाई के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का आरोप लगाया है। मोनिका भगत के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। उन्हें मामले की जानकारी तब हुई जब कलेक्टर की ओर से एक पत्र दिया गया।। उन्होंने इस मामले में यह भी जानकारी प्रदान की कि पूर्व में कोरबा जनपद अध्यक्ष हरेश कंवर के विरुद्ध ज ब अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा था तब उन्होंने उस पत्र पर हस्ताक्षर किया था ,लेकिन अभी लाए गए कौशल्या बाई के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने दस्तखत नहीं किए हैं द्ध जिसके विरुद्ध उन्होंने सिविल लाइन रामपुर में लिखित शिकायत की है द्ध मोनिका भगत ने कोरबा जनपद अध्यक्ष हरेश कंवर, जनपद सदस्य नंदकुमार कंवर, संतोष लकड़ा, नरेंद्र पटेल, जनपद सदस्य सावित्री गांगुली के पुत्र आशीष गांगुली, रविशंकर राठिया, किशन कोसले पर पैसों का प्रलोभन देने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की भी आरोप लगाया हैं द्ध अब देखना है के अविश्वास प्रस्ताव पर की गई शिकायत पर आने वाले दिनों में कार्यवाही होती भी है के नहीं ?



## चार महीने से वेतन नहीं मिलने पर स्टाफ नर्सों का गिर रहा मनोबल

- संवाददाता -
कोरबा, 06 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा में जिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित करने के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार तो किया जा रहा है लेकिन अस्पताल की सुस्त एवं लचर अव्यवस्था पर अंकुश नहीं लग पा रहा , जिसके कारण मेडिकल कॉलेज में मरीजों के उपचार में आने वाले सभी प्रकार की सुविधाओं के होने के बौजूद सही उपचार के लिए लगातार मरीजों को निजी हस्पतालों में भटकना पड़ रहा है। पिछले दिनों वार्डों में स्टाफ की कमी देखने को मिला खासकर महिला वार्ड में जहाँ नर्स स्टाफ की कमी के कारन महिला मरीजों अच्छी खासी मुसीबतों एवं तकलीफों का सामना करते देखने को मिला सूत्रों से ज्ञात हुआ है के मेडिकल कॉलेज में काम करने वाली महिला स्टॉफ नर्स को पिछले चार महीने से वेतन नही मिला जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पर रहा है जिसके चलते इन स्टाफनर्सो का मनोबल गिरने से वे अपने कार्य के प्रति रुचि नहीं दिखा पा रहे है यही कारन है के जिला हस्पताल में स्टाफ नर्स की कमी देखने को मिल रही है जिससे वार्डों में भर्ती मरीजों को इस कमी के लिए कठिनाईयों का सामना करना पर रहा है।



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्रं/ /ब-121/ 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विफईया पति जगत साय, निवासी ग्राम करम्हां तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम करम्हां स्थित खसरा नंबर 225/1, 309/4, 366/1 कुल रकबा 0.478 हे0 भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/02/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) उदयपुर ,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ / अ-2 /2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक राजवाड़े आ0 रामधन राजवाड़े जाति रजवार निवासी ग्राम झिरमिटी तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम झिरमिटी तहसील उदयपुर ,जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 172/2 हे0 में से रकबा 0.080 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा), उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) सूरजपुर ,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-मानपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सत्येन्द्र कुमार सोनी आ0 स्व0 जगन्नाथ प्रसाद सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील व जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके अधिपत्य एवं स्वत्व की भूमि ग्राम मानपुर प.ह.न. 12 रा.नि.म.व तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 201/13 रकबा 0.018 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-मानपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी, भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर ,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202302021200033 / अ-6 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बबीता अग्रवाल पत्नी श्रीकान्त अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी रामानुजगंज रोड नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0के द्वारा मोहल्ला रामानुजगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 03 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1341/1 रकबा $0.04^{1/2}$ एकड़ अर्थात 1960.2 वर्गमीटर भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 25.01.2023 के माध्यम से विक्रेता अनिल अग्रवाल पिता स्व0 बनारसी दास अग्रवाल निवासी चर्च रोड केदारपुर नगर अम्बिकापुर से क्रय करने के कारण संहिता की धारा 109,110 के तहत अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीबद्ध विक्रय पत्र की पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 01/03/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर ,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202302021200021/ अ-6 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनंदा अग्रवाल पत्नी संतोष अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी रामानुजगंज रोड नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0के द्वारा मोहल्ला रामानुजगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 03 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1341/2 रकबा $0.04^{1/2}$ एकड़ अर्थात 1960.2 वर्गमीटर भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 25.01.2023 के माध्यम से विक्रेता अनिल अग्रवाल पिता स्व0 बनारसी दास अग्रवाल निवासी चर्च रोड केदारपुर नगर अम्बिकापुर से क्रय करने के कारण संहिता की धारा 109,110 के तहत अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीबद्ध विक्रय पत्र की पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 01/03/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर ,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202302021200018/ अ-20(3) /2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती तरविन्दर कौर पत्नी सरदार जसप्रीत सिंह उम्र-लगभग 41 वर्ष जाति सिक्ख निवासी गुरूद्वारा वार्ड मायापुर अम्बिकापुर थाना अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व और अधिपत्य की लीज हक की मोहल्ला कौवाडांड नगर अम्बिकापुर में शीट क्रमांक 03 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1526/3,1527 रकबा क्रमशः $0.03^{1/4}$ 0.01 एकड़ भूमि को अनावेदक प्रकाश कुमार एक्का आ0 रामपाल एक्का जाति उरांव निवासी गुरूद्वारा वार्ड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पक्ष में पंजीबद्ध विक्रय पत्र निष्पादित करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा,नक्शा, आधार कार्ड की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

# ऑक्शन 13 फरवरी को,1500 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन, अधिकतम 90 पर लगेगी बोली,एक टीम में 15-18 प्लेयर

**नई दिल्ली , 06 फरवरी 2023।** विमेंस प्रीमियर लीग के पहले मेगा ऑक्शन में शामिल होने के लिए 1500 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 13 फरवरी को होने वाली नीलामी में अधिकतम 90 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। एक टीम के पर्स में 12 करोड़ रुपये होंगे और हर टीम में कम से कम 15 और अधिकम 18 खिलाड़ी होंगे। विमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन चार मार्च 2023 से 26 मार्च 2023 के बीच खेला जाएगा। सभी मैच मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में होंगे।

बीसीसीआई के चीफ एग्जक्यूटिव अफसर हेमंग अमिन ने मेल में बताया है कि नीलामी के लिए चुने गए खिलाड़ियों की सूची इसी सप्ताह के अंत तक जारी की जाएगी।

महिला टी20 विश्व कप शुरू होने के तीन दिन बाद मेगा ऑक्शन का आयोजन होगा। वहीं, यह टूर्नामेंट खत्म होने के आठ दिन बाद महिला आईपीएल की शुरुआत होगी। बीसीसीआई ने 16 जनवरी को बताया था कि विमेंस प्रीमियर लीग के मीडिया अधिकार 951 करोड़ रुपये में वायकॉम 18 ने खरीदे हैं। यह ग्रुप 2023-2027 तक इस लीग के मैचों का प्रसारण करेगा। वहीं, 25 जनवरी ने को बीसीसीआई ने इस लीग की पांच फ्रेंचाइजी कुल 4669.99 करोड़ रुपये में बेंची थी।



### केवल एक एलिमिनेटर मैच

महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत चार मार्च से होगी। पहला मैच मुंबई और अहमदाबाद के बीच होगा। इस लीग का पहला सीजन कुल 23 दिन चलेगा। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को खेला जाएगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पांच में से तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मैच खेलेंगी। यहां जीतने वाली टीम फाइनल में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी।

| S. No. | Successful Bidder | City | Amount in INR |
|---|---|---|---|
| 1. | Adani Sportsline Pvt. Ltd | Ahmedabad | 1289 crores |
| 2. | Indiawin Sports Pvt. Ltd | Mumbai | 912.99 crores |
| 3. | Royal Challengers Sports Pvt. Ltd | Bengaluru | 901 crores |
| 4. | JSW GMR Cricket Pvt. Ltd | Delhi | 810 crores |
| 5. | Capri Global Holdings Pvt. Ltd | Lucknow | 757 crores |

अंक तालिका में चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमों का सफर लीग स्टेज में ही खत्म हो जाएगा। इस लीग में कुल 22 मैच होंगे। 23 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच दिन ऐसे होंगे, जब कोई मैच नहीं होगा। 17 मार्च, 19 मार्च, 22 मार्च, 23 मार्च और 25 मार्च को कोई मैच नहीं होगा। 21 मार्च को लीग स्टेज खत्म होगा। इसके बाद 24 मार्च को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा और 26 मार्च को खिताबी मुकाबला होगा।

### हर फेंचाइजी की कीमत

अहमदाबाद सबसे महंगी फेंचाइजी है। अदाणी की मालिकाना हक वाली अदाणी स्पोर्ट्स लाइन प्राइवेट लिमिटेड ने अहमदाबाद फेंचाइजी 1289 करोड़ रुपये में खरीदी। रिलायंस समूह की मालिकाना हक वाली इंडियाविन स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई फेंचाइजी को 912.99 करोड़ रुपये में खरीदा। रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने बैंगलोर फेंचाइजी को 901 करोड़ रुपये में अपने नाम किया। जेएसडब्ल्यू जीएमआर क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली फेंचाइजी को 810 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं, कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने लखनऊ फेंचाइजी 757 करोड़ रुपये में अपने नाम किया।

# सहवाग बोले- भारतीय बाजार साजिश का शिकार,लोगों का जवाब-अदाणी के शेयर खरीदकर देश को बचा लो



**नई दिल्ली , 06 फरवरी 2023।** अदाणी स्टॉक क्रैश मामले पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग भी इसमें शामिल हो गए हैं। सहवाग ने नाम लिए बिना गौतम अदाणी ग्रुप का समर्थन किया था। इस पर आलोचकों के उन्हें आड़े हाथों लिया है। सहवाग ने अपने ट्वीट में पश्चिमी देशों (इंग्लैंड) पर निशाना साधते हुए कहा था कि भारतीय बाजार साजिश का शिकार हुआ है। हालांकि, भारत हमेशा की तरह इस बार भी और मजबूती के साथ उभरेगा। सहवाग ने अपने ट्वीट में लिखा ÷गोरों से इंडिया की तरक्की बर्दाश्त नहीं होती। भारतीय बाजार पर हिटजॉब एक सोची-समझी साजिश मालूम पड़ती है। कोशिश कितनी भी कर लें, लेकिन हमेशा भारत और मजबूत ही निकलकर उभरेगा।÷ सहवाग के इस ट्वीट के बाद कमेंटबॉक्स में उनके फैंस आपस में भिड़ गए। कुछ लोगों ने उन्हें अदाणी ग्रुप के सारे शेयर खरीदने की सलाद दी तो कुल लोगों ने कहा कि देश में भी कई लोग ऐसे हैं, जो गोरों का समर्थन करते हैं।

### अदाणी ने वापस लिया था 20,000 करोड़ रुपये का FPO

बता दें कि अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के बोर्ड ने पूरी तरह से सब्सक्राइब किए गए 20,000 करोड़ के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) को वापस ले लिया था। कंपनी ने इसके साथ आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया था। जिन लोगों ने अब तक एफपीओ को सब्सक्राइब किया है, उनके पैसे वापस लौटा दिए जाएंगे। अभूतपूर्व स्थिति और मौजूदा बाजार में उतार-चढ़ाव को देखते हुए कंपनी का लक्ष्य एफपीओ आय वापस करके और पूर्ण किए गए लेनदेन को वापस लेकर अपने निवेश समुदाय के हितों की रक्षा करना है।

# यूसुफ पठान दिल्ली कैपिटल्स फेंचाईजी के बने नए कप्तान

**नई दिल्ली 06 फरवरी, 2023।** क्रिकेट में पठान ब्रोदर्स के नाम से मशहूर पूर्व दिग्गज खिलाड़ी इरफान पठान के बड़े भाई युसुफ पठान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसमें यूसुफ पठान को दिल्ली कैपिटल्स फेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार इससे पहले ऋषभ पंत इस टीम के कप्तान थे, पंत के हुए एक्सीडेंट को लेकर यूसुफ पठान को कप्तान लगाया गया है।



इंडिया टीम से यूसुफ पठान बेशक सन्यास ले चुके है। लेकिन वह खुद को क्रिकेट से दूर नहीं रख पाते है। आईपीएल में उन्होंने राज्थान रॉयल्स व कोलकाता नाइटर राइडर्स के लिए कई अहम पारी खेल कर टीम को मुश्किल वक्त पर जीत दिलाई है। लेकिन, इस धाकड़ खिलाड़ी को आईपीएल शुरू होने से पहले दिल्ली कैपिटल्स की फ्रेंचाईजी ने उन्हें एक अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। रविवार को यह जानकारी मिली है।

इंटरनेशनल लीग में युसुफ पठान दुबई कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे है। जहां रॉवमैन पॉवेल की कप्तानी में टीम का जीत का ग्राफ मैट दर मैच फीका होता जा रहा है। वह युसुफ इस टीम में एक मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज के तौर पर फिनिशर की भूमिका अदा कर रहे है।

लेकिन, इन सब के बाद भी टीम मुकाबले जीतने में नाकाम हो रही है। इसी कड़ी में पॉवेल की जगह युसुफ पठान को टीम का नया कप्तान नियुक्त कर दिया गया है। लेकिन, फ्रेंचाईजी ने अभी तक इस बात की वजह नहीं बताई है कि उन्होंने पॉवेल को कप्तानी के पद से क्यों हटाया है। केवल एक ट्विट के जरिए पठान को कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी दी है।

# टेस्ट सीरीज में टी20 स्टार को मौका देने के पक्ष में हैं शास्त्री, बोले स्पिन पिच पर वह बेहद उपयोगी

**नई दिल्ली , 06 फरवरी 2023।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव को खेलने का मौका मिलना चाहिए। रवि शास्त्री ने कहा कि सूर्यकुमार स्पिन ट्रैक पर उपयोगी पारियां खेल सकते हैं, जो दोनों टीमों के बीच हार और जीत का अंतर बन सकती हैं।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत नौ फरवरी से हो रही है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से चार टेस्ट की यह सीरीज बेहद अहम है। भारत को लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने के लिए यह सीरीज अच्छे अंतर से जीतनी होगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया भी इस सीरीज में कम से कम एक मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह आसानी से पक्की करना चाहेगी।

रवि शास्त्री ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर बात करते हुए कहा कि सूर्यकुमार को पहले टेस्ट में खेलने का मौका मिल सकता है, क्योंकि वह स्पिनरों के खिलाफ अपना स्वाभाविक खेल खेलेंगे। शास्त्री ने कहा ÷सूर्यकुमार यादव को उस टेस्ट मैच में मौका मिल सकता है। और वह अपना स्वाभाविक खेल खेलेंगे। मुझे लगता है कि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो आक्रामक होगा। खासकर नाथन लियोन या अन्य स्पिनरों के साथ, वह हर समय स्कोर करना चाहते हैं, स्ट्राइक रोटेट करना चाहते हैं।÷

भारत के पूर्व ऑलराउंडर ने कहा ÷अगर आप भारत में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं तो आपको स्ट्राइक रोटेट करनी होगी। आप मेडन ओवर नहीं खेल सकते। आपको एक रास्ता खोजना होगा जहां आप स्कोर करना चाहते हैं, केवल ब्लॉक करने के बारे में न सोचें, क्योंकि यह आपके लिए वास्तविक समस्याएं पैदा कर सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि वह उस स्थिति में बहुत उपयोगी होगा। वह आ सकता है और एक ऐसे ट्रैक पर थोड़ा सा कैमियो खेल सकता है जहां गेंद बहुत घूम रही है, जहां एक 30 या 40 रन मैच पलट सकते हैं और वह तेजी से रन बनाकर विपक्षी टीम को रोक सकते हैं। इसलिए भारत वहां उसी अंदाज में सोच रहा होगा।÷

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से बदला लेने की कोशिश करेगी, क्योंकि टीम इंडिया ने लगातार दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हराया है।

# फिल्म लॉस्ट का ट्रेलर रिलीज; प्यार,धोखे और राजनीति के बीच उलझीं यामी गौतम




यामी गौतम के लिए बीता साल काफी अच्छा साबित हुआ। उन्हें पर्दे पर दमदार भूमिकाओं में देखा गया। इस साल भी अभिनेत्री एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। काफी समय से यामी फिल्म लॉस्ट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद से ही दर्शक इसके ट्रेलर की राह देख रहे थे। अब आखिरकार दर्शकों का इंतजार खत्म हो गया है। लॉस्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में यामी क्राइम रिपोर्टर रिद्धि के किरदार में दिख रही हैं। इसकी कहानी एक खोए हुए लड़के की है, जो अपनी मौत के पीछे कई राज छोड़ चुका है और रिद्धि इन्हीं राजों से पर्दा हटाने की फिराक में हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे प्यार से मिले धोखे और राजनीति के चलते लड़का गायब हो जाता है। रिद्धि एक ईमानदार पत्रकार है, जो सच सामने लाने के लिए अपनी जान की बाजी लगाने को भी तैयार है। लॉस्ट में सस्पेंस और इमोशंस का जबरदस्त तड़का लगा है। यामी को देख लग रहा है मानों वह असल में कोई केस सुलझा रही हों। उन्होंने बतौर क्राइम रिपोर्टर अपने किरदार की नब्ज को मजबूती से पकड़ा है। फिल्म में सच्ची पत्रकारिता दिखाई गई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित लॉस्ट एक युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है, जो एक युवा छात्र के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की खोज में है। फिल्म में पंकज कपूर, राहुल खन्ना, नील भूपलम, पिया बाजपेयी और तुषार पांडे जैसे युवा कलाकार भी देखने को मिलेंगे। इसकी कहानी श्यामल सेनगुप्ता और अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने लिखी है। अनिरूद्ध ने ही फिल्म का निर्देशन भी किया है। लॉस्ट 16 फरवरी को जी5 पर रिलीज हो रही है। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में लॉस्ट को आधिकारिक रूप से ओपनिंग नाइट प्रीमियर फिल्म के रूप में चुना गया था। दर्शकों ने खुले दिल से इसका स्वागत किया था। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल सबसे बड़ा वार्षिक दक्षिण एशियाई कार्यक्रम है, जो बढ़िया कहानियों की सराहना करता है। लॉस्ट का गोवा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में प्रीमियर हो चुका है। अटलांटा इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भी इस फिल्म को सराहा जा चुका है। यामी के खाते में अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 भी है। इसमें वह लीड रोल में दिखाई देंगी। यह पहली बार होगा, जब यामी अक्षय के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगी। धूम धाम नाम की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में भी यामी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाली हैं।

# धांसू है थलापति विजय की 67वीं फिल्म का टीजर,इसी साल होगा धमाका !

कॉलीवुड सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म को लेकर कई दिनों से बज है। विक्रम निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ आने वाली थलापति विजय की फिल्म को लेकर काफी दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म की धमाकेदार स्टारकास्ट का ऐलान किया था। इसके बाद निर्देशक ने फिल्म के नाम का खुलासा करने का ऐलान किया। अब अपने वादे को पूरा करते हुए निर्देशक लोकेश कनगराज ने थलापति विजय की 67वीं फिल्म के नाम का खुलासा कर दिया। मेकर्स ने एक धमाकेदार वीडियो जारी करते हुए फिल्म के नाम का ऐलान किया है। इस फिल्म का नाम लियो रखा गया है। इतना ही नहीं, थलापति विजय की फिल्म लियो का टीजर वीडियो दिखाते हुए निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट भी फैंस को बता दी है।दिलचस्प बात ये है कि विक्रम और मास्टर निर्देशक लोकेश कनगराज की इस फिल्म के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार भी नहीं करना होगा। ये फिल्म इसी साल 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघर पहुंचने वाली है। इतना ही नहीं, ये मास्टर और विक्रम की तर्ज पर ही पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। जाहिर है कि मास्टर और विक्रम के दीवाने फैंस निर्देशक लोकेश कनगराज की इस फिल्म को लेकर भी एक्साइटेड होंगे। थलापति विजय की इस फिल्म के इस टीजर वीडियो के जारी होते ही मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। जिसके लिए फिल्म की टीम कश्मीर शिड्यूल के लिए निकल चुकी है। मेकर्स ने खुद इस बात का ऐलान इस धमाकेदार वीडियो के साथ किया था।




# साजिद खान ने निभाया अपना वादा,सौंदर्या शर्मा को अपनी फिल्म में दिया प्रस्ताव

साजिद खान हाल ही में बिग बॉस 16 में नजर आए थे और अब वह एक फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसी के साथ धीरे-धीरे उनके करियर की गाड़ी पटरी पर आ रही है। साजिद ने अपनी फिल्म का ऐलान तो शो के प्रीमियर में ही कर दिया था और अब खबर है कि उन्होंने शो में उनकी दोस्त बनीं सौंदर्या शर्मा को अपनी इस फिल्म का हिस्सा बना दिया है।बिग बॉस 16 में साजिद की सौंदर्या के साथ खूब बनती थी। साजिद ने घर के अंदर सौंदर्या के साथ भविष्य में काम करने पर चर्चा की थी और अब उन्होंने अपना वादा पूरा कर लिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, साजिद ने सौंदर्या को अपनी अगली फिल्म 100त्न का हिस्सा बना दिया है। इस फिल्म के एक गाने के लिए साजिद ने सौंदर्या को कास्ट किया है और वह जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करने वाली हैं। साजिद ने आखिरी बार 2014 में फिल्म हमशकल्स का निर्देशन किया था। म्र मीटू के आरोप में फंसे साजिद अब लंबे समय बाद इस फिल्म के जरिए काम पर लौट रहे हैं। इसमें शहनाज गिल, जॉन अब्राहम, नोरा फतेही और रितेश देशमुख अहम भूमिका में हैं।



# गर्व है मुझे लोग असली नाम के बजाय अनुपमा बुलाते है : रूपाली गांगुली

लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में लीड रोल निभा रही एक्ट्रेस रूपाली गांगुली को इस बात का गर्व है कि लोग उन्हें असली नाम के बजाय उनके किरदार के नाम से बुलाते हैं। यह शो 2020 में शुरू हुआ था और सप्ताह दर सप्ताह टॉप टीआरपी रेटिंग हासिल करता जा रहा है। इस सफलता को लेकर टीम जश्न मना रही है। शो के बारे में बात करते हुए रुपाली ने कहा, राजन शाही, आप एक जादूगर हैं, इसके लिए आपकी सदा आभारी हूं और हम जो हैं, उसे बनाने के लिए स्टार प्लस को धन्यवाद। हम जहां भी जाते हैं, मुझे खुशी होती है कि लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं, मुझे गर्व महसूस होता है।मैं अगले दिन काम पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं और मुझे आशा है कि यह उत्साह जारी रहेगा। हम चलते रहेंगे। उन्होंने कहा- मैंने 2016 में अपने पिता को खो दिया था, लेकिन जब मैं सेट पर चलती हूं तो मुझे उनकी उपस्थिति महसूस होती है। यह मेरा घर है और मैं सेट पर कम से कम 12 घंटे बिताती हूं और मुझे हर दिन यहां रहना पसंद है। आप में से हर एक का धन्यवाद। अनुपमा स्टार प्लस पर एक भारतीय हिंदी भाषा की टीवी ड्रामा सीरीज है। निर्देशक कुट प्रोडक्शंस के बैनर तले राजन शाही और दीपा शाही द्वारा निर्मित है। यह शो स्टार प्लस पर टेलीकास्ट होता है।















## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने पंडित मोतीलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा स्वराज्य पार्टी के संस्थापक पंडित मोतीलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पंडित मोतीलाल नेहरू भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से थे। गांधी के आव्हान पर उन्होंने वकालत छोड़ दी। आधुनिक जीवन शैली त्याग कर खादी पहनना शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाधीनता के लिए पंडित मोतीलाल नेहरू का योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# उद्योग नीति बनाने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाए...

### गोधन न्याय योजना के तहत ग्रामीणों,पशुपालकों और महिला स्व-सहायता समूहों को 8.23 करोड़ की राशि ऑनलाईन अंतरित

**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए नई उद्योग नीति की तर्ज पर जल्द ही ग्रामीण उद्योग नीति बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। बघेल आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को गोबर क्रय तथा लाभांश राशि के ऑनलाईन वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रय में 8 करोड़ 23 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रय को संबोधित करते हुए कहा कि गौठान से जुड़े रूरल इंडस्ट्रियल पार्क अधिकतर जगहों पर क्रियाशील हो रहे हैं। अब यह पूर्णरूप से कार्य करें उसके पहले हमें ग्रामीण उद्योग नीति बनाने की दिशा में कार्य करना होगा इसके लिए संबंधित विभाग जल्द प्रक्रिया पूर्ण करें। जिससे कि जब पूर्ण रूप से रूरल इंडस्ट्रियल पार्क कार्य करना प्रारंभ करेंगे तो इनसे जुड़े हितग्राहियों को बैंक से ऋण लेना तथा अन्य व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल सके।

मुख्यमंत्री ने पशुपालकों सहित गौठान से जुड़े महिला समूहों को बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि वे लगातार रिकॉर्ड बना रहे हैं। 8.23 करोड़ के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 403 करोड़ 58 लाख रूपए हो जाएगा। इसी प्रकार गोबर विक्रेताओं को 4.76 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 206 करोड़ 49 लाख रूपए हो जाएगा। उन्होंने गोबर से बिजली उत्पादन के लिए शुरू की गई बिजली यूनिट पर खुशी जाहिर करते हुए, इन यूनिटों से उत्पादित बिजली को पॉवर ग्रिड से जोड़ने और बिजली की कीमत तय करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि राज्य में अब तक 4927 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की जमा पूंजी से गोबर क्रय करने



लगे हैं। अभी तक जो गौठान समूह जो दीया, वर्मी कम्पोस्ट इत्यादि बना रहे थे अब वे बिजली उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जो बिजली उत्पादन के लिए एमओयू किए गए थे, उनमें बेमेतरा और बस्तर की यूनिट जमीनी स्तर पर मूर्त रूप ले चुकी है। अब इसे उत्पादित बिजली को पावर ग्रिड से जोड़ने और इससे उत्पादित बिजली की कीमत तय करने का कार्य जल्द पूरा करें। मुख्यमंत्री ने गोबर से पेंट बनाने की इकाई की समीक्षा करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि 21 जिलों में 23 पेंट की इकाई प्रक्रियाधीन हैं, 13 ईकाई पूर्ण हो गई हैं। 17 हजार लीटर से अधिक पेंट का उत्पादन हो गया है और 22 लाख रूपए से अधिक की राशि की आय अर्जित की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में बड़ी मात्रा में पेंट की आवश्यकता होगी अतः हमें मांग और पूर्ति में संतुलन बनाकर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन करना होगा ताकि सही समय में आवश्यकतानुसार पेंट की पूर्ति की जा सके। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और वर्चुअल रूप से उपस्थित लोक स्वास्थ्य मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, सचिव डॉ. अयाज तंबोली, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक अवनीश शरण, कृषि विभाग की संचालक श्रीमती रानू साहू, उद्यानिकी विभाग के संचालक माथेस्वरन वी. तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### न्याय योजना की राशि से वंचित किसानों ने उप संचालक कृषि को घेरा आवेदन लगाने के बाद भी राशि के लिए कई माह से भटक रहे हैं किसान

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने जिले में राजीव किसान न्याय योजना की राशि से वंचित सैकड़ों किसानों का मुद्दा नोडल अधिकारी उप संचालक कृषि एस एस राजपूत के समक्ष उठाया और उन्हें बताया कि राशि से वंचित अनेक किसानों ने आवेदन देकर न्याय की गोहार लगाया है इसके बाद भी उन्हें राशि नहीं मिली और पीड़ित किसान पिछले 8 माह से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं,

राजपूत ने किसानों को बताया कि राशि से वंचित 35 किसानों की सूची अपेक्स बैंक और एनआईसी को भेजी गई है जिले में योजना की राशि से वंचित किसानों की जानकारी इकट्ठा की जायेगी और त्रुटियों को पता लगाया जायेगा ताकि त्रुटियों को दुरूस्त करके पात्र किसानों को न्याय की राशि दिलाई जा सके इस अवसर पर खुर्सीडीह, अंजोरा, डोमा सहित अन्य गांव के पीड़ित किसान भी उपस्थित थे,

आज के कार्यक्रम में कामता प्रसाद चंद्राकर, देवशरण साहू, प्रदीप मंडावी, विनोद देशमुख के अलावा छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के राजकुमार गुप्त, आई के वर्मा, झबेंद्र भूषण वैष्णव, उत्तम चंद्राकर, मेघराज मढ़रिया, बद्रीप्रसाद पारकर, बाबूलाल साहू, हुकूमसिंह दिल्लीवार, युवराज चंद्राकर, भोला दिल्लीवार आदि शामिल हुए।

# निकलर एप्प व्दारा पढ़ाई कराने के लिये छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कार

» मुख्यमंत्री,स्कूल शिक्षा मंत्री ने दी बधाई

» नई दिल्ली में 25 मार्च को मिलेगा अवार्ड

**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में 'निकलर एप्प' व्दारा पढ़ाई कराने के लिये सी.एस.आई. ने छत्तीगसढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाज़ा है। छत्तीसगढ़ को यह अवार्ड 25 मार्च को नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले ई-गवर्नेस कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को परियोजना श्रेणी के तहत् 20वें सीएसआई एसआईजी ई-गवर्नेस अवार्ड 2022 के लिए प्रस्तुत 'इनेवेटिव असेसमेंट टूल-एनआईसीलर' (पीआरजे 220 08) का नामांकन उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए चुना गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शिक्षा के क्षेत्र में इस उपलब्धि के लिए प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन, महाप्रबंधक समग्र शिक्षा नरेन्द्र दुग्गा, एन.आई.सी. रायपुर के वैज्ञानिक सोमशेखर और स्कूल शिक्षा विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 14 नवंबर 2022 को लांच किए गए सुघ्घर पढ़वैया कार्यक्रम में भी स्कूलों का आंकलन निकलर एप्प के माध्यम से बहुत कम समय में किया जा सकेगा। इसके लिए भी शिक्षकों को तैयार किया जा रहा है।

निकलर एप्प कक्षा में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में बच्चे सीख रहे हैं अथवा नहीं, यह देखने के लिए आंकलन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, पर हमारी कक्षाओं में बच्चों के कार्यों का आंकलन बहुत समय लेने वाली प्रक्रिया है। कभी शिक्षक को अपने कक्षा में एक एक बच्चे को बुला कर उनके कार्यों को ध्यान से देखना पड़ता है। कभी बच्चों की कापी एकत्र कर स्कूल में या फिर घर में समय निकलकर कॉपी जांचनी पड़ती है। आजकल पालक जागरूक हैं इसलिए कॉपी जांचते समय काफी सावधानी बरतनी पड़ती है।

इस टेक्नोलॉजी का उपयोग शिक्षकों के कार्यों को आसान करने हेतु किया जाता है। छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग और एन आई सी ने भी शिक्षकों के आंकलन संबंधी कार्य को आसान करने के लिए लंबी रिसर्च करते हुए निकलर एप्प का निर्माण किया है।

एप्प के उपयोग के लिए सबसे पहले हमें गूगल प्ले स्टोर में जाकर निकलर एप्प को डाउनलोड करना होता है। स्कूल के यू-डाइस के आधार पर पोर्टल से विद्यार्थियों के लिए क्यू आर कोड वाले कार्ड डाउनलोड कर उसे एक पुठ्ठे में चिपकाना पड़ता है। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए इस प्रकार से एक यूनिक कार्ड उनके नाम से देना होता है। इसे आपस में बदलना नहीं चाहिए। यह उस बच्चे के नाम से उसके पास पूरे सत्र में रहना चाहिए।

किसी टॉपिक को पढ़ाने के बाद प्रश्न पूछना हो तो आप निकलर एप्प में उस पाठ से संबंधित उपलब्ध प्रश्न निकालकर पूछ सकते हैं या फिर स्वयं अपने प्रश्न दे सकते हैं। पूछे जाने वाले प्रश्न के चार विकल्प होने चाहिए। बच्चों को सही विकल्प के आधार पर कैसे कार्ड को पकड़ना है यह सिखाना होगा।

निकलर एप्प का उपयोग कर बच्चों की उपस्थिति भी ली जा सकती है। इस एप्प के माध्यम से पूछे जाने वाले विभिन्न प्रश्नों के ऑडियो भी बनाकर प्रश्न पूछ सकते हैं। एप्प के उपयोग में कुछ भी दिक्कत आई है तो शिक्षकों के बीच से ही तकनीकी रूप से विशेषज्ञ शिक्षक साथियों ने उनके हेल्प वीडियो बनाकर हमारी सहायता करते हैं। जिससे कक्षा में इसका क्रियान्वित करना आसान हो गया है।

समग्र शिक्षा की ओर से इस एप्प के उपयोग हेतु निरन्तर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस वर्ष सभी स्कूलों को इंटरनेट के लिए बजट भी उपलब्ध करवाया गया है। शिक्षकों को निकलर एप्प के उपयोग के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है।

## आरक्षण बिल पर राज्यपाल सचिवालय को नोटिस

# जिरह के लिए पहुंचे सिब्बल का ये तर्क

**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में आरक्षण को लेकर चल रहे घमासान के बीच हाईकोर्ट ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आरक्षण के मुद्दे पर सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता के साथ ही राज्य सरकार ने भी याचिका दायर की है। जिस पर सोमवार को शासन की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने तर्क दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को सीधे तौर पर विधेयक को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। आरक्षण के मुद्दे पर आज हुए सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की जस्टिस रजनी दुबे ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### राज्य शासन ने रोकने पर हाईकोर्ट में दी चुनौती

गौरतलब हैं कि राज्य सरकार ने दो महीने पहले विधानसभा के विशेष सत्र में राज्य में विभिन्न वर्गों के आरक्षण को बढ़ा दिया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 फीसदी, ओबीसी के लिए 27 फीसदी, अनुसूचित जाति के लिए 13 फीसदी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 4 फीसदी आरक्षण कर दिया गया। इस विधेयक को राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया था। राज्यपाल अनुसूईया उइके ने इसे स्वीकृत करने से फिलहाल इनकार कर दिया है और अपने पास ही रखा हुआ है। राज्यपाल के विधेयक स्वीकृत नहीं करने को लेकर एडवोकेट हिमांक सलूजा और राज्य शासन ने याचिका लगाई थी। राज्य शासन ने आरक्षण विधेयक बिल को राज्यपाल की ओर से रोकने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### पूर्व मंत्री कपिल सिब्बल का ये तर्क...

इसमें कहा गया है कि राज्यपाल को विधानसभा में पारित किसी भी बिल को रोकने का अधिकार राज्यपाल को नहीं है। इस पूरे मुद्दे पर सोमवार को दोनों याचिकाओं पर हाईकोर्ट में प्रारंभिक सुनवाई हुई। शासन की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट व पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने तर्क देते हुए कहा कि विधानसभा में विधेयक पारित होने के बाद राज्यपाल सिर्फ सहमति या असमति दे सकते हैं। लेकिन बिना किसी वजह के बिल को इस तरह से लंबे समय तक रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्यपाल अपने संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है। उनके साथ प्रदेश के महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा भी थे। इस केस में हिमांक सलूजा की तरफ से हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट डॉ. निर्मल शुक्ला और शैलेंद्र शुक्ला ने तर्क दिया।

याचिका में दलील दी गयी कि राज्य सरकार ने आरक्षण के मुद्दे पर राज्यपाल से सहमति लेकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया, जिसमें जनसंख्या के आधार पर प्रदेश में 76 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित किया है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों को भी 4 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। नियमानुसार विधानसभा से आरक्षण बिल पास होने के बाद इस पर राज्यपाल का हस्ताक्षर होना है।

राज्य शासन ने बिल पर हस्ताक्षर करने के लिए राज्यपाल के पास भेजा है। लेकिन राज्यपाल बिल पर लंबे समय से हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं। हाईकोर्ट में हुए इस मुद्दे पर चर्चा के बाद हाईकोर्ट की जस्टिस रजनी दुबे ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# मुख्यमंत्री ने वर्चूअल माध्यम से निवेशकों को 2 करोड़ 56 लाख राशि लौटाई

» छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य जो चिटफंड निवेशकों का पैसा वापस दिला रहा:मुख्यमंत्री

» चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले दुर्ग जिले के 3 हजार 274 निवेशकों को 2 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि लौटायी गयी



**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम में चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले दुर्ग जिले के 3 हजार 274 निवेशकों को 2 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि लौटायी । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिटफ्ंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को अब तक लगभग 40 करोड़ रुपए की राशि लौटाई जा चुकी है । हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में ठगी करने वाली चिटफ्ंड कंपनियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है । ठगी करने वाली चिटफ्ंड कंपनियों की सम्पत्तियों को कुर्क कर निवेशकों को राशि वापस की जा रही है । उन्होंने कहा कि चिटफ्ंड कंपनियों ने छत्तीसगढ़ में भोले-भाले लोगों को लालच देकर जीवनभर की कमाई लूट ली। हमारी सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि निवेश करने वालों को उनका पैसा वापस मिल जाये । देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र राज्य है जो निवेशकों को उनका पैसा वापस दे रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग एसपी अभिषेक पलल्व ने बताया कि जिले में अब तक चिटफ्ंड कंपनियों के 126 डायरेक्टर और 8 पदाधिकारियों की गिरफ्तार किया गया है। वर्चुअल कार्यक्रम में दुर्ग के उपरवारा निवासी घनश्याम साहू ने मुख्यमंत्री से बात करते हुये कहा कि उन्होंने 2 एकड़ जमीन बेचकर चिटफ्ंड में पैसा लगा दिया था । रकम डूबने के बाद उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पैसा वापस मिलेगा । लेकिन आपकी सरकार के प्रयासों से आज मुझे 9 लाख रूपये वापस मिल रहा है । इससे मेरा पूरा परिवार बेहद खुश है। खुर्सीपार की तीजनबाई ने मुख्यमंत्री को बताया कि आज मेरा 3 लाख रूपये वापस मिल रहा है । अब मैं अपने बच्चों की शादी आसानी से कर पाउंगी । मुझे पूरी उम्मीद थी कि आपके रहते मेरा पैसा जरूर वापस मिलेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, खाद्य मंत्री ाी अमरजीत भगत, पीएचई मंत्री गुरू रुद्र कुमार, विधायक अरूण वोरा, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, एसपी अभिषेक पल्लव सहित हितग्राही उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने अपने विभागों सहित तीन मंत्रियों के विभागों की बजट तैयारियों की समीक्षा की

**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में अपने विभागों सहित केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर और श्री कवासी लखमा से संबद्ध विभागों की बजट तैयारियों की समीक्षा की। बघेल ने बैठक में ऊर्जा विभाग, विमानन, सामान्य प्रशासन, वित्त, खनिज साधन, जनसंपर्क, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी,



वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, संसदीय कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बजट तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विभागीय मंत्री, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# माओवादियों ने की भाजपा मंडल अध्यक्ष की हत्या

» पेंकरम गांव में हुई दिनदहाड़े हत्या

» आवापल्ली थाना क्षेत्र का मामला

**बीजापुर , 06 फरवरी 2023 (ए)।** माओवादियों ने की भाजपा नेता की लगभग 3बजे दिनदहाड़े हत्या की घटना को अंजाम दिया है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष आवापल्ली से सुबह 10 के आसपास पारिवारिक शादी के लिए पेंकरम गांव गये थे, जहां पहले मौजूद माओवादियों ने पकड़ लिया और धारदार हथियार टंगिया, चाकू से हमला कर हत्या की है।



घटना परिजनों के सामने करने से गांव में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी अनुसार नीलकंठ ककेम 15 सालों से उसूर के मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। आवापल्ली क्षेत्र में इनकी पैठ भी मजबूत रही है। सूत्रों ने यह भी बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ का पैतृक गांव पेंकरम है ,अपनी साली की शादी की तैयारी में गए थे?। घटनास्थल आवापल्ली से लगभग 8किमी की दूरी पर है। घटनास्थल से माओवादियों द्वारा छोड़े गए पर्चे भी मिले है जिसमें माओवादियों ने भाजपा नेता नीलकंठ पर सलवाजुडूम आंदोलन में साथ देना, आवापल्ली पुलिस के साथ मिलकर ग्रामीणों महिलाओं को परेशान करना, जेल भेजना, मुखबिरी का काम करना जैसे आरोप लगाया है?। पर्चे में यह भी लिखा है कि नीलकंठ ककेम को क़ई बार सुधरने का मौका दिया गया लेकिन सुधार नही आया। पर्चे में माओवादियों ने नीलकंठ ही नही ब्राह्मणीय हिंदूत्व फासीवादी भाजपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी जनता का दुशमन समझ काम करने वालों को चेतावनी दी है। घटना के बारे में परिजनों के द्वारा आवापल्ली थाना में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लेकिन शव अभी गांव से आवापल्ली नही लाया गया है। इस घटना की पुष्टि एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने करते हुए कहा कि पुलिस पार्टी घटनास्थल के लिए रवाना हुई है।



# पद्मा ने इंटरनेशनल कराटे में जीता गोल्ड

**रायपुर,, 06 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की कराटे प्लेयर पद्मा ब्यौहार ने एक बार फिर विशाखापट्टनम अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। साथ ही जूनियर 14 साल से कम उम्र की प्रतियोगिता में रायपुर की ही श्रीजल एवं साक्षी श्रीवास्तव ने गोल्ड एवं सिल्वर प्राप्त किया है।गौरतलब है की कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड कराटे फेडरेशन और आंध्र प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 3 फरवरी से 5 फरवरी किया गया है। पद्मा के कोच रमेश प्रधान ने बताया की पद्मा ने 5 फरवरी को सुबह सीनियर केटेगरी के कांता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

# जब मैंने विश्वकप उठाया तो मेरी आँखों में आँसू थे

**रायपुर, 06 फरवरी 2023 (ए)।** हाल ही में भारतीय अंडर 19 महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पहला टी20 विश्व कप अपने नाम किया है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के समय में जीत में टीम खिलाड़ियों के अलावा सपोर्ट स्टाफ की भी बहुत बड़ा रोल होता है, जो टीम को लगातार मानसिक और शारीरिक तौर पर फिट रखने में कड़ी मेहनत करता है। आकांक्षा सत्यवंशी ऐसा ही एक जाना पहचाना नाम है। आकांक्षा मूल रूप से छत्तीसगढ़ की हैं और पेशे से फिजियोथेरेपिस्ट हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)